>

Title: Discussion on the motion for consideration of the Companies Bill, 2011 (Bill Passed).

MR. CHAIRMAN: Now, the House shall take up Item No.30.

Shri Sachin Pilot.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS (SHRI SACHIN PILOT): Sir, I beg to move*:

"That the Bill to consolidate and amend the law relating to companies be taken into consideration. "

महोदय, यह बहुत लम्बा समय तय करके आज चर्चा के लिए आया है। मैं बड़े संक्षेप में इसके बारे में बताना चाहता हूं कि यह बिल बहुत महत्वपूर्ण है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : मंत्री जी वक्तव्य दे रहे हैं, कृपया आप सभी लोग शांत हो जाएं।

श्री सचिन पायलट: महोदय, कंपनीज का पहला कानून सन् 1913 में बना था, उसके बाद दूसरा कानून सन् 1956 में बना। सन् 1950 में भाभा कमेटी बनी थी और पहला कंपनीज एक्ट 1956 में लागू हुआ। तब से लेकर आज तक उस कानून में 25 संशोधन हुए और समय आ गया था कि हम लोग एक ऐसा कानून लेकर आएं जो बदलते हुए भारत की तस्वीर को सही तरह से प्रदर्शित कर सके। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि सन् 1956 में जब यह कानून बना था, उस समय देश में 30,000 कंपनीज थीं और आज, वर्ष 2012 में लगभग साढे आठ लाख कंपनीज हैं। हमारा मानना है कि जब एक कानून बनता है, यह बिल एक ऐसा बिल है, जो सदन में पेश होने के बाद स्टैंडिंग कमेटी में गया, स्टैंडिंग कमेटी से आने के बाद, यह पुनः विचार के लिए स्टैंडिंग कमेटी के पास गया। दो बार स्टैंडिंग कमेटी की रिकॅमेंडेशन्स आई और दोनों बार हमने उनको कुबूल किया है। इस बिल के ऊपर स्टैंडिंग कमेटी की 193 रिकॅमेंडेशन्स थीं, जिनमें से 186 रिकॅमेंडेशन्स हमने पूरी तरह मानी हैं। यह इस बात को प्रदर्शित करता है कि जब यह बिल बन रहा था, उस समय न सिर्फ स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य, तमाम लोगों से हमने जानकारी और सुझाव प्राप्त किए और एक ऐसा बिल बनाने की हमने कोशिश की है, जो आने वाले बहुत लम्बे समय तक गवर्नेंस का रास्ता बनाकर देगा। ऐतिहासिक तौर पर गवर्नेंस सिर्फ सरकार के तहत देखा जाता था, लेकिन अब कारपोरेट गवर्नेंस एक ऐसा मुद्दा बना है, जिसे समय से पहले हमें एडॉप्ट करना पड़ेगा। गुड कारपोरेट गवर्नेंस एक ऐसा विषय है, जो दुनिया भर में प्रैक्टिस होता होगा, लेकिन भारत की, इस देश की यूनिक जरूरतों के ऊपर हमें प्रकाश डालना पड़ेगा। यह बहुत महत्वपूर्ण बिल है, बहुत लम्बा बिल है और यह बिल कई वर्षों का सफ़र तय करके आया है।...(व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर, हि.प्र.): सभापति महोदय, माननीय सदस्यों को कहें कि वे अपनी सीट पर बैठ जाएं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप लोग जरा शांत होकर बैठ जाएं। मंत्री जी वक्तव्य दे रहे हैं।

SHRI SACHIN PILOT: The issue of corporate governance is very well taken up in this Bill. I will just outline a few large points of the Bill and we will have a larger discussion when I will give reply to hon. Members' queries and comments.

Sir, growth is important for the country and to my mind growth should be long term, sustainable, equitable but more importantly, growth should also be responsible. Therefore, the responsibility of taking this country forward certainly lies with the Government of the day and the State Governments but increasingly so, I think the corporate entities of this country, the private players, the enterprises, the entrepreneurs also have an increasingly larger role to share in making this country a prosperous, functional forward looking nation. Therefore, Sir, the issue of corporate social responsibility has been taken up in this Bill.

I am happy to inform the House that we have undergone a large study globally and we have learnt there are only two countries in the world where there is some sort of CSR regulation. The countries are France and Indonesia. But we believe that in India we must have the corporate entities contribute meaningfully and while they do that, it is for the first time and India perhaps will be the first country that will have Corporate Social Responsibility as a statute. I must thank the Standing Committee on Finance and all its Members for having really forced this issue to be a part of this Bill.

Sir, the CSR provision in this Bill is the following. It is now mandatory for certain class of companies to contribute 2 per cent of their net profit into the communities in which they function. It is because every company, be it manufacturing or production companies, they work in certain areas and we believe that it is these companies who must also give back to the society. Giving taxes is a responsibility of the company, but to have a corporate social responsibility as a part of their functioning, I think, will go a long way in clearing the air as we go forward. We have seen a big division in this country, the divide between the rich and the poor is getting bigger and bigger. It is about time that we do a perception correction. That can only be done if the companies themselves move forward and show that they are responsible, sensitive and they want to give back to the society. Therefore, CSR has now become a mandatory part of this Bill.

Sir, we also have focussed upon self-regulation. We have focussed upon transparency in functioning. In this Bill we also have a lot of focus on making sure that the compliances are made, the rules and regulations are complied with.

The other point is about the remuneration of the Members of the Board. Increasingly we see -- because of proliferation of media, television and newspapers – and every citizen of this country knows that people who are earning a lot of money through these companies are getting exorbitantly high remuneration for their services. In this Bill there is a provision in this regard. Earlier, Act had provided that 11 per cent of the profit is the maximum amount that the Board Members could have collectively got as remuneration. But here it has been said that if companies want to pay their Board Members a lot of money, they may do so, but they will have to tell that in the meeting of the shareholders about it and will also have to reflect that in their books about what is the average salary that an average salary that an employee is getting. The average salary of an employee has also to be shown to the world and also the amount of salary that a Member of the Board is getting so that there is some parity and disclosure.

Sir, in this Bill we have focussed a lot on protecting the shareholders. As you know there have been a lot of instances in the recent past about corporate fraud. I think, every time we hear about a fraud we have a knee-jerk reaction; we start investigation; we try and pinpoint the guilty party and all the agencies start working once the act has happened. We believe, today we have technology and so the fraud must have to be detected before the fraud happens. We are trying to use the technology and the data base to make sure that we are able to identify the pressure points before the fraud actually takes place. What pains me most about these frauds is certainly the people who invested money. But it is all known that people with large resources have access to good bankers, good lawyers, good accountants and they can also go to courts and use various mechanisms to recover their money but our heart goes out to those small investors, those retired individuals who have small pensions and when they invest their Rs. 10.000 or Rs. 20.000 in companies which promised them 20 per cent, 30 per cent or 40 per cent return and then they run away with their monies, these fly by night operators, this Bill will comprehensively deal with any company that is trying to be fraudulent especially with the small investors. The middle class in our country has faith in our economy. Therefore, regulations are being put in place so that frauds are detected hopefully before they happen. In the case of the fraud actually happening it is the small investors, where we have to protect the interest of the small investor in any part of our country.

We are also making sure, Shri Dasgupta is not here, by taking into account the interest of the people who work in the companies. The shareholders are important. The management is important. But, I think, what is also important are the workmen and the people who get salaries. There is a long list which I can read out in which we have taken care of this aspect. I will just quote one part of the Bill which will substantiate this point. It says that the companies must be responsible for the people they employ. The wages and salaries of workmen will be payable for a period of two years, protected in the case of winding up of a company and such payment will have an over-riding effect over all other claims including those of the creditors. It is these people's salaries and wages that we must protect. There are other provisions which I will be able to elaborate as we have further discussion.

We have also seen cases of collusion. We have seen auditors in the Satyam case colluding with the management and then try and rob the shareholders of a lot of money. In this Bill, we have also provided that an auditor cannot audit the same company for more than five years because then the relationship, I think, gets too comfortable and they are able to give rise to a lot of fraudulent activities.

This Bill also provides for freezing and attachment of assets of persons under investigation. So, when companies are under investigation and when an individual is trying and sell off those assets to recover some money with the Tribunal's approval, we will be able to freeze and attach those assets.

We are also giving statutory recognition to Serious Fraud Investigation Office. The SFIO is an entity that looks into frauds that happen in all parts of our country but it is important to understand that once the Companies Bill becomes a law, it will also give a sense of comfort to those people who look at India as a safe place to invest. I think, this Ministry will be an enabling Ministry so that environment of investment takes place.

Sir, everybody understands that today, we need to create jobs for young people in this country and to create jobs, we need investment. Everybody also understands that the Government alone cannot provide jobs. Therefore, private entities who come and invest will create jobs and we must not create an atmosphere where there is a fear about investments.

When I talked about CSR, I had a meeting with all the industry chambers and I told that this is a Bill that we are bringing in good faith. To be very honest, Sir, there were some suggestions made to us saying that this Bill should be more stringent, corporates will try and get out of CSR, people will try and fudge figures, they will not do this and that to try and

help the community. My response to them was that the citizens in this country are as much Indians and want to improve this country. So, we must make the law in good faith hoping and assuming that their objective and the Government's objective is the same. We must be in alliance where we give enough freedom to the companies to invest in the communities because this is the customer base for them. This is the revenue that they will collect. So, the companies must also come forward to cooperate. But, as I said earlier, there is unanimity in the Standing Committee and in the Government that we must have 2 per cent compulsory Corporate Social Responsibility that the companies themselves will do.

Sir, there was a fear which some companies had. They feared that there be inspector raj and there will be inspection of books. So, we have said that they may spend the money, self report it and make it project driven. And there is a template which we will be put up on the website where the entire country and the world can see as to what kind of CSR activity which any company is doing.

We also understand that sometimes, people in this country have said that it is very easy to open a company but almost impossible to shut it down. To close a company, we have to approach the honourable High Court. There is a provision to create a National Company Law Tribunal that will take care of many things including winding up of companies. This Bill has path-breaking clauses and schedules inside. We also now thought of having a one-person company. We have now removed certain restrictions for one-person company. This is a new concept to have a one-person company. It will give a lot of opportunity for young people to show their entrepreneurial spirit to come forward and invest in our economy.

I do not intend to make a very long speech in the beginning but it will suffice to say that this Bill has been in the making for many years now. It has a lot of recommendations of the Standing Committee and almost 98 per cent of the recommendations have been fully accepted. I hope that this Bill will receive support from all corners of this House. This Bill will really pave way for a futuristic looking India where we have good corporate governance, CSR, investment, job creativity, growth and we also have compliances.

Everybody understands that if companies are committing fraud, are taking people's money and playing around with regulations, we must come down hard on them. But while we impose this strict legislation on the companies, we also have to give them enough confidence and elbow room so that they can have confidence in India. Just now, the Finance Minister was saying about India's economic growth. This growth has to be nurtured further. I think the alliance between the Government, the citizens and the corporate world has to come to a point where we have confidence in each other.

I also believe that when you make a law, nobody can legislate for all eventualities. But we are legislating to make sure that the 60-year old Bill gets replaced with the forward-looking Bill. This Bill, I think, will also pave the way for a much more transparent functioning of the corporate world. We have provisions for having Independent Directors on the Board. It will be mandatory for certain class of companies to have at least one woman Director on the Board so that the women also get a part of the representation in a certain class of companies.

I will not go on for much longer. It is quite late. But I look forward to get the support from all corners of this House. I will try my best to include all the suggestions that the hon. Members will make and reply to their queries. Even after this becomes a law, when the rules get drafted, even at that stage I will have a very transparent functioning of this legislation, will invite all stakeholders, including Members of Parliament. All your contribution and participation in this debate and beyond will become part of the recording and I hope to carry everybody along as we move forward to pass this Bill.

MR. CHAIRMAN: Motion moved:

"That the Bill to consolidate and amend the law relating to companies be taken into consideration."

SHRI SHIVKUMAR UDASI (HAVERI): Mr. Chairman, Sir, I seek your permission to speak from this seat.

MR. CHAIRMAN : All right. Permission is granted.

SHRI SHIVKUMAR UDASI : First of all, I would like to thank you for giving me an opportunity to start the debate on the Companies Bill, 2011. I would also like to thank our leaders Shrimati Sushma Swaraj and Shri Yashwant Sinha for giving me this opportunity to start the debate on the Companies Bill, 2011. Before starting the debate, I would also like to

congratulate our young and dynamic friend, Shri Sachin Pilot, for becoming the Minister of the Ministry of Corporate Affairs. I also wish him all success in handling his Ministry.

Coming to the subject of the Companies Bill, 2011, the Companies Bill was first enacted in 1956. In the last 55 years it has been amended 25 times. At that time, as the hon. Minister was mentioning, there were around 30,000 companies. But right now we are having more than eight and half lakh companies. Many changes have taken place in India post -1991. I want to refresh your memory by saying that when the Companies Bill was started in 1956, the economy in this country had a communist orientation; in the next two decades it had a socialistic approach; after liberalization, i.e. post-1991, we all know, it is more of a market economy and it has a capitalistic orientation. We all know that.

Indian economy has seen substantial changes post-liberalisation. It has seen vast expansion and growth in the last two decades. So, change in regulatory structure for corporate sector is very much necessary to address issues relating to regulatory harmony, good corporate governance, good corporate practices and technological improvements. The Companies Bill drafted in 2009 seems to have become the Companies Bill, 2011. Is it just a chronology or pathology? I think the truth lies in-between. With a number of big national scams inexorably winding its ways to the corporate sector, it would be highly irresponsible if the new companies legislation does not keep pace with this sordid development. Experience has shown that it is not the mere change of law alone which matters, it is the effective administration of law which matters more. For example, the other day, i.e. on last Friday, the hon. Minister had stated that two and half lakh companies have not filed their financial statements. Clause 211 of the Companies Bill 1956, and clause 129 of the Companies Bill, 2011 states that financial statements of all corporates should be given to the Ministry of Corporate Affairs with the regulated audited accounts. So, making mere law is not important but how effective the administration of law is what matters much. So, I am trying to say here that it is but natural to expect the new Companies Bill to be better than the existing one in all respects. But if this has to happen, let us engage in a constructive and introspective discourse on how the new company legislation should address the challenges of a rising India.

The new Companies Bill has 29 Chapters, with 470 clauses and the 470th clause has 7 Schedules and 15 salient features. So, as compared with the 1956 Bill which had 700 sections, however, in reality, the new Companies Bill will have more provisions if one were to take into account the number of rules that are on the anvil. Rules have to be formulated on at least 350 items listed in the Bill by the Ministry. It will not be surprising if effectively the new law ends up having 1000 or even more provisions.

As far as the Standing Committee Report is concerned, the hon. Minister was telling that most of the recommendations have been accepted by the Ministry. There are around 10 more recommendations which have been either not accepted or partially accepted; 21 new proposals which were not included in the 2009 Bill were sent to the Standing Committee and they were included in the recommendations and included in the Bill. The rules should be prescribed by the Ministry at a later date. The motive of consolidating the law would be difficult to achieve if so many rules are to be prescribed. It is not yet known when and how these rules will be framed. The Ministry will be able to change the Companies Law time and again without getting Parliamentary sanction. The result of such a huge amount of subordinate legislation is that it gives enormous amount of clout to the bureaucrats in the Ministry. In the anxiety to reduce the length of the Act, many substantive aspects of law like definition of Key Managerial Personnel and related party, class of companies that may have layers of subsidiaries and number of subsidiaries, duties of debenture trustee, etc. have been left to be prescribed by the Rules. My apprehension here is that what will happen if we are not formulating the rules. The hon. Minister has to take a cue from the Finance Ministry about the pre-publication of Draft Rules so that all the stakeholders would give their views. Before formulating the rules, you have to have the pre-publication of a Draft so that all the stakeholders can give their opinions and their views. Then, the Government will straightaway notify the rules.

Clause 469 of the Bill has no provision of any pre-consultation. I would urge upon the Government and the Minister to take a cue from the approach taken by the Government in deliberating on the GAAR proposal in the Direct Tax Code with all the stakeholders so that their concerns are taken on board before finalising the provisions. You should give substantial amount of time to them so that a consensus is built on it.

The hon. Minister while piloting the Bill said that he would be taking into account the consensus of all the stakeholders; would do it in a transparent manner. I appreciate it. He has to clarify one thing. If you give more time to the stakeholders, then, inputs can be given by the stakeholders so that there will be no chance of getting the blame. Otherwise, you will be getting the blame out of it.

I would like to mention some of the salient features which the Government has made in the 2011 Bill which are appreciated. They include having e-governance. The concept of CSR is being introduced for the first time with enhanced accountability on the part of companies. There is a provision for a woman Director. There is the concept of the National

Company Law Tribunal (NCLT) in view of the 11 th May, 2010 Supreme Court's Judgement; there is the investor protection. The Serious Frauds Investigation Office (SFIO) is getting for the first time the statutory status all of which we welcome. But I would like give some suggestions in this regard....(*Interruptions*)

The hon. Minister was talking about transparency. So, according to clause 29 of the 2011 Bill, de-mat securities is mandatory for listed and such class of companies as may be prescribed optional for others. The clause mandates that all companies making public offer and other clause of prescribed companies can issue securities in DMAT form. Since this is a good corporate measures which will eliminate frauds related to loss of securities, the Ministry should in a time bound manner make this clause applicable to all companies. As the Government has done in many other cases, let the Government fix a time bound frame so that all the companies will have a DMAT share certificate.

When it comes to clause 326 – he was saying about providing for overriding preferential payment to workmen dues, and debts due to secured creditors in case of winding of a company, we appreciate but I would like to know how the Minister has come to the conclusion of paying workmen salaries and wages only for a period of two years and how practical is it. I am saying so because if a company is winding up - how can the company pay wages two years in advance and how have you come to the conclusion in fixing two years? I would like to seek the clarification of the Minister on these issues.

The Bill also intends to transfer certain powers presently being exercised by the Company Law Board (CLB) to the Central Government. The transfer of certain powers from a quasi-judicial body like the CLB to the Executive will also have its unintended consequences. If past experience is anything to go by, there is every likelihood of misuse of this power by the concerned officials by way of resorting to redtapism. The bureaucrats will have the freedom to use their discretion for a price giving rise to corruption. To ensure that, the proposed discretionary powers are not misused by the bureaucrats, the Ministry should provide for safeguards by way of detailed guidelines. Guidelines are very much important to ensure that discretionary powers should not be used by the bureaucrats in the Ministry.

About the SFIO, I would say that it is a welcome move as it seeks to reform the institution of SFIO with the intention to strengthen the investigation mechanism by giving it a statutory status and prescribed powers. The power of arrest will not only allow them to be taken seriously but also help prevent destruction of evidences by the accused.

The Ministry has said that in appointing the SFIO in clause 211(2), the Serious Fraud Investigation Office shall be headed by a Director and consist of such member of experts from the following fields appointed by the Central Government from among persons of ability, integrity and experience in banking, corporate affairs, taxation, forensic audit, capital market, IT, law or such other fields as may be prescribed. I am unable to see how the Office is going to find this type of people, where is the capacity and how would you overcome. These are the serious points to be clarified by the Minister. Merely making law does not help. We have to see how are you going to get the officers; how are you getting them on deputation. When a person comes from a different Department, he will be there for some time, and then, he moves out. My concern with that is, how effectively it would be and how would it be challenging to the Ministry to have this law.

Regarding separation of Chairman and CEO or the MD, clause 203 says that the same is mandatory unless the article of the company provides. Otherwise, it gives the company an easy escape route. A better governance system requires that statute should provide for separation of power rather than leaving it to the corporate for doing it voluntary. It should be made mandatory there but it should be through clause, otherwise, they would escape through this escape route. I need the clarification from the hon. Minister on this clause 203.

Sir, Clause 149 read with Schedule IV is an attempt to legislate good behaviour into law. Some of the clauses in the code are really absurd. For example, one of the clauses relating to role and functions provides that independent Director shall balance conflicting interests of stakeholders. Now, a Director in a small firm in times of sluggish demand will look at firing an employee to protect the company's interest rather than looking at protecting the employees' interest. The Ministry had constituted a Committee under the chairmanship of Shri Adi Godrej to formulate a Policy Document on Corporate Governance. In its Report dated 18th September, 2012, the Committee has observed as follows:

> "Good governance cannot be imposed. It must emerge from a changed social culture, taken down to the level of the corporation by capable and committed Directors and executives."

So, I want to know whether that Committee's Report has reached the Ministry and whether you have included any suggestions given by that Committee in this Bill. I want to have this clarification from the hon. Minister. The need is to promote such an ecosystem in which capable and committed independent Directors contribute their best to strengthen the board process and for their efforts, the independent Directors are sufficiently incentivized. In this regard, it is pertinent to

note here that Clause 197 (7) of the Bill prohibits stock options to independent Directors. SEBI Guidelines allow ESOPs to independent Directors. Global practices relating to ESOP permit stock options to independent Directors, but independent Directors are expected to contribute to shareholder value creation. So, any remuneration mechanism that delinks their remuneration from value creation would discourage them from performing the larger role of contributing to shareholder value creation. This is a point to be noted and something has to be done for this also.

When it comes to Corporate Social Responsibility (CSR), I would like to know whether the current understanding of CSR in India is relevant and adequate. This is a big question right now. What are the different delivery systems for CSR programmes in India? Basically, we should try to find out what are the differences between CSR, Business Responsibility and Responsible Business Conduct. How can a supporting policy environment for its operation be developed in the country?

Sir, the hon. Minister was saying that this is the first time that CSR is being introduced in our country. There is a debate on CSR in India among Government, civil society and business community and it seems to be raising more questions than answering them. Various quarters have approached the issue differently leading to this confusion. There is such a variety in these discussions that many in the audience, including myself, are confused. What is CSR? How is it going to be delivered? How are we going to integrate it? How can it be enabled? How can it be mandated? These are some important questions. Nobody is having answers to these questions. How practical will CSR be in our country? If you are having self-regulation on the corporate sector, how will it work? The hon. Minister was saying that stakeholders were complaining about CSR. So, we would like to know as to how it can be delivered and how it can be integrated. The subject of CSR has a long evolutionary history in India. The evidence is witnessed in the words of great thinkers and visionary leaders of the country right from Kautilya in the 4th Century B.C. to Jamshedji Tata in modern India, Mahatma Gandhi to Narayanamurthy etc. All said and done, CSR was virtually unknown till recently. But it is today one of the most important topics for discussion for everybody.

Business, undoubtedly, has a responsibility for wealth creation, but it has also responsibilities for social problems created by business or by other causes, beyond its economic and legal responsibilities. Corporate activities should be such as to cause less harm and more beneficial outcomes for society and people. When society gives licence to business to operate, it is only fitting that business serves society too, apart from creating wealth.

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

SHRI SHIVKUMAR UDASI: Sir, as the hon. Minister said, this is the first time they are introducing CSR. So, I think, deliberation on CSR should be given thrust. I request you to kindly give me another two minutes.

Sir, CSR has been defined in a number of ways by leading global institutions. One of the most comprehensive definitions was coined in 1998 by the World Business Council for Sustainable Development, an alliance of 200 leading global businesses committed to promoting the role of business on sustainable development issues.

According to this definition, CSR is the continuing commitment by business to behave ethically, contribute to economic development while improving the quality of life of the work force and their families as well as of the local community and society at large.

In 2011, the European Union adopted a much simpler yet more comprehensive definition of CSR as a responsibility of the enterprises for the impact on society. This replaced its earlier 2001 definition of CSR, a concept whereby companies integrate social and environmental concerns in their business operations and in the interaction with their stakeholders on a voluntary basis.

The new definition marks a significant progress towards encompassing all dimensions of sustainable development into CSR policies and practices as compared to the earlier emphasis on impact. A note worthy difference is the addition of economic element. It hereby touches all the three elements, social, environmental and economic of sustainable development. Sir, with these few words, I conclude my speech and draw the attention of the hon. Minister to clarify some of the doubts that I have raised in my speech.

सभापति महोदय : संजय निरूपम जी, आप बोलिये।

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर): महोदय, मैं मंत्री साहब से यह कहना चाहूंगा कि वे बहुत स्मार्ट हैं, बहुत अच्छे हैं। ...(व्यवधान) मैं यह कहना चाहूंगा कि मंत्री जी यह बतायें कि एक मेंबर ऑफ पार्लियामेंट, जो पहले हमारा एग्जैम्प्ट कर दिया था ऑफिस ऑफ प्रॉफिट करके, एमपीज़ को डायरेक्ट्री से बाहर किया गया कि यह डबल फायदा ले जाएगा और यह कहा गया कि मेंबर ऑफ पार्लियामेंट जो है...(व्यवधान)

सभापति महोदय : ठीक है, आपने भावना व्यक्त कर दी है।

â€¦(व्यवधान)

चौधरी लाल सिंह : महोदय, कृपया सुनिये, मैं केवल एक मिनट लूंगा। यह कहा गया कि एमपी पब्लिक सर्वेंट है। यह सुप्रीम कोर्ट ने कहा। मुझे बताओ कि रिप्रेजेंटेटिव कौन हैं? अगर हम रिप्रेजेंटेटिव नहीं हैं तो कौन हैं और फिर आफीसर, अगर वह बनता है, जो पब्लिक सर्वेंट बनता है, वह डायरेक्ट्री कैसे बनता है, हम पूरी डायरेक्ट्री बनें, क्यूं न डायरेक्टर बनें?...(व्यवधान)

सभापति महोदय : संजय निरूपम जी आप बोलिये।

â€¦(व्यवधान)

चौधरी लाल सिंह : यही मैं कहना चाहता हूं।

श्री संजय निरुपम (मुम्बई उत्तर): सभापति जी, हमारे देश के नौजवान कंपनी मामलों के मंत्री, एक बहुत ही विस्तृत विधेयक लेकर आए हैं। लगभग साढ़े चार सौ से ज्यादा धारायें इसमें हैं और चार सौ से ज्यादा पन्नों का यह विधेयक है। यह एक बहुत महत्वपूर्ण विधेयक है। जो उद्देश्य है, वह कारपोरेट गवर्नेंस यानी कारपोरेट जगत में जो कामकाज चल रहा है, वह अनुशासित तरीके से चले, साफ-सुथरे ढंग से चले, ई-गवर्नेंस हो, जो इन्वेस्टर्स हैं, उनके अधिकारों का रक्षण हो और कंपनी चलाने वाले, कंपनी चलाने के नाम पर बड़े-बड़े फ्रॉड न कर पाए और करें तो उनको छोड़ें नहीं, इस बड़े उद्देश्य के साथ यहां पर यह बिल मंत्री जी लेकर आए हैं। अगस्त, 2009 में पहली बार यह बिल आया था। उसके बाद यह बिल स्टैंडिंग कमेटी में रेफर हो गया। जैसा कि मंत्री जी ने बताया कि एक साल बाद जब स्टैंडिंग कमेटी ने वर्ष 2009 में अपनी रिकमेंडेशंस भेजीं तो लगभग 193 रिकमेंडेशंस भेजीं, जिनमें से 186 रिकमेंडेशन इन्होंने स्वीकार कीं। इतनी सारी रिकमेंडेशंस स्टैंडिंग कमेटी ने भेजीं कि पूरे बिल का चेहरा-मोहरा ही बदल गया और कंपनी बिल, 2009 बदलकर कंपनी बिल, 2011 हो गया। सबसे पहले मैं सरकार को बधाई देना चाहूँगा कि स्टैन्डिंग कमेटी की रिकमंडेशंस को, उनकी सिफारिशों को मंत्रालय ने बहुत गंभीरता से लिया और जो भी अच्छे सुझाव थे, उनको इस प्रस्तावित विधेयक में शामिल करके एक नये स्वरूप में यह बिल लेकर सदन में आए।

सभापति जी, इस बिल के चार-पाँच महत्वपूर्ण प्रावधानों पर मैं बोलना चाहूँगा क्योंकि लगभग 470 क्लॉज़ हैं, लेकिन एक-एक क्लॉज़ पर चर्चा करना शुरू करें तो कई दिन निकल जाएँगे। हर क्लॉज़ पर कुछ न कुछ बोला जा सकता है, लेकिन चार-पाँच जो महत्वपूर्ण विषय हैं, उन विषयों पर मैं निश्चित तौर पर अपनी बात रखना चाहूँगा।

सबसे ज्यादा चर्चा में जो प्रावधान रहा है, वह *कार्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी* का प्रावधान है। हमारे देश के कार्पोरेट सैक्टर की जितनी भी कंपनियाँ हैं या पब्लिक सैक्टर की कंपनियाँ हैं या कोई भी व्यक्ति जो बिज़नैस कर रहा है, उसकी एक सामाजिक जवाबदेही बनती है। इस प्रावधान के तहत इस बात पर ज़ोर दिया जा रहा है जो कि अच्छी बात है। पहली बार हम ऐसा प्रोविज़न कर रहे हैं कि जितने भी कार्पोरेट सैक्टर या जितनी भी कंपनियाँ हमारे देश में होंगी, उनको अपने प्रॉफिट का दो प्रतिशत हिस्सा सामाजिक विकास और सामाजिक क्षेत्र में लोगों के विकास के लिए, समाज के विकास के लिए, देश के विकास के लिए देना पड़ेगा। मैं निश्चित तौर पर इसका स्वागत करना चाहूँगा। पूरी दुनिया में इस प्रकार की व्यवस्था है, पूरी दुनिया में इस प्रकार के नियम-कानून और कायदे हैं और उसके तहत हमारे जो कार्पोरेट जगत के लोग हैं पूरी दुनिया के, वे इसका पालन भी करते हैं। यह सीएसआर का सुझाव बहुत अच्छा सुझाव है लेकिन जैसा कि भारतीय जनता पार्टी के एक साथी ने विषय रखा कि इसके बारे में अभी काफी *एम्बिग्विटी* सी है। समझ में नहीं आता कि कैसे इसको करना है। सबसे पहले बड़ी-बड़ी कंपनियों को आप कहते हैं कि अपने प्रॉफिट का दो परसेंट आप *सीएसआर* में डालिए, यानी सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल करिए। हमारे यहाँ मुम्बई में जितना बड़ा कार्पोरेट सैक्टर है या फिर हिन्दुस्तान के जितने बड़े-बड़े कार्पोरेट सैक्टर हैं, सबने अपने स्कूल शुरू कर दिये हैं। तो क्या तमाम बड़े कार्पोरेट सैक्टर को आप यह कह रहे हैं कि आप अपनी कंपनी चलाने के साथ-साथ स्कूल चलाइए, आप कंपनी चलाने के साथ-साथ सांस्कृतिक केन्द्र चलाइए! अगर ऐसा होगा तो सभी बड़े-बड़े कार्पोरेट सैक्टर के अपने बड़े-बड़े स्कूल और कॉलेज होंगे और इन कॉलेज और स्कूलों की हालत क्या है! हिन्दुस्तान की दो-तीन बड़ी कंपनियों में से एक कंपनी ने मुम्बई में एक स्कूल शुरू किया है जिसकी फीस 12 लाख रुपये है। तो पूरी एलीट क्लास के लिए स्कूल चल रहा है। इस बारे में क्या प्रावधान है, मैं चाहूँगा कि मंत्री जी ज़रा खुलकर बताएँ। कहीं न कहीं इस पर बंदिश लगनी चाहिए। सीएसआर का मतलब यह नहीं कि आपकी एक दुकान चल रही है और बाजू में एक दूसरी दुकान आपने खोल ली। यह व्यवस्था नहीं होनी चाहिए। *सीएसआर* का प्रॉपर रेगुलेशन होना चाहिए। कंपनयों को ज़ाहिर करना पड़ेगा, अपना स्टेटमैंट देना पड़ेगा, किसको देना चाहिए, किस क्षेत्र में देना चाहिए, किस क्षेत्र में किस हद तक देना चाहिए, किस क्षेत्र में किस हद से ज्यादा नहीं देना चाहिए, यह सारी व्यवस्था जब लेकर आएँगे तो *सीएसआर* का जो पवित्र उद्देश्य है, वह पूरा होगा, ऐसा मेरा मानना है।

महोदय, *सीएसआर* पर जो विवाद बार-बार चल रहा है, कंपनियों का जो एक एतराज़ चल रहा है, उसको भी थोड़ा गंभीरता से लेना पड़ेगा। उनका कहना है कि जो ब्यूरोक्रैट्स हैं, वे सभी अपनी-अपनी फैमिलीज़ में, अपने अपने परिवार के लोगों का एक एजुकेशनल इंस्टीट्यूट या किसी प्रकार का एनजीओ शुरू कर देंगे और कंपनियों पर दबाव शुरू हो जाएगा कि अगर आप *सीएसआर* के तहत हमारी कंपनियों की फंडिंग नहीं करते हैं तो इस तरह का एक्शन भी हो सकता है। इससे भी कंपनियों को राहत देने की व्यवस्था होनी चाहिए।

हमारे यहाँ हॉस्पिटल्स का भी एक बड़ा अच्छा ट्रैन्ड चलता है। बड़ी-बड़ी कंपनियाँ 250 करोड़ रुपये या 300 करोड़ रुपये डालकर हॉस्पिटल बनाती हैं और उन हॉस्पिटल्स में मुम्बई का एक आदमी अगर इलाज कराने जाए तो वह गरीब हो या अमीर, अगर हॉस्पिटल में इलाज कराने के लिए गया तो उसको या तो कर्ज़ लेना पड़ेगा, या अपना घर बेचना पड़ेगा या फिर गहने गिरवी रखने पड़ेंगे। 10 लाख, 20 लाख या 50 लाख रुपये तक एक-एक महीने का बिल आ रहा है। इसलिए इस बारे में विस्तृत कामकाज होना चाहिए। जितना विस्तृत यह बिल है, उतनी ही विस्तृत गाइडलाइन्स इसके लिए बननी चाहिए। जब हम रूल्स फ्रेम करने शुरू करेंगे तो इतने ही अच्छे तरीके से विस्तृत तरीके से रूल्स फ्रेम करें ताकि *सीएसआर* का जो उद्देश्य है, उस उद्देश्य की पूर्ति हो।

दूसरा बड़ा विषय जो इसमें निकलकर आता है, वह *सीरियस फ्रॉड इनवैस्टिगेशन ऑफिस* का है। यह अच्छा है। आपने *सीरियस फ्रॉड इनवैस्टिगेशन ऑफिस* को जो

ताकत दी है, उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूँ। उसको आपने अरैस्ट करने की ताकत दी, उसकी जो पूरी रिपोर्ट होगी, वह पुलिस की रिपोर्ट मानी जाएगी। आप यह नहीं कह सकते हैं कि एक टूथ लैस एजेंसी है। एक मजबूत व्यवस्था तैयार हो रही है और आने वाले दिनों में इससे कितना हैरसमेंट कॉरपोरेट सैक्टर के लोगों का होता है, यह देखने वाली बात है। लेकिन हो क्या रहा है अभी, मैं आपको एक उदाहरण देना चाहता हूं अभी हाल ही में एक कम्पनी को कैच किया गया, उसके घोटाले खोल कर सामने लाए गए। उस कम्पनी का नाम है स्टॉक गुरू। इस स्टॉक गुरू ने लगभग एक हजार करोड़ रुपये का फ्रॉड किया है, ऐसी एक जानकारी मिल रही है। जब सीरियस फ्रॉड इनवैस्टिगैशन ऑफिस ने केस रजिस्टर किया तो अचानक वह फ्राड की रकम घटकर साढ़े चार सौ करोड़ रुपया हो गया। यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है कि साढ़े पांच सौ करोड़ रुपया कहां गया? उस कम्पनी में बड़े-बड़े पुलिस वाले, ब्यूरोक्रेट्स, आईएस रैंक के लोग, जो रसूख रखने वाले लोग हैं, जो बहुत ताकत वाले लोग हैं, उनके पैसे उसने ले रखे थे। जैसे ही केस रजिस्टर्ड हुआ, सबसे पहले उनके पैसे निकाल लिए गए। यह जो सीरियस फ्राड इन्वेस्टीगेशन आफिस में इस प्रकार का फ्राड शुरू हो गया है, इस फ्राड को भी रोकने का इंतजाम होना चाहिए। आप एजेंसी को ताकत दे रहे हैं, यह बहुत अच्छी बात है लेकिन इसे ताकत देने के साथ-साथ इस के ऊपर चैक भी रखना पड़ेगा और नजर रखनी पड़ेगी। हमारे साथी ने अच्छे आफिसर्स की व्यवस्था की बात का सवाल उठाया है, मुझे नहीं लगता कि इस बारे में सवाल उठाने की आवश्यकता है। कारपोरेट अफेयर्स को समझने वाले अच्छे आफिसर्स तैयार हैं, तैयार हो सकते हैं। बैंकिंग लॉ को समझने वाले अच्छे आफिसर्स हमारे देश में हैं और ज्यादा भी तैयार हो सकते हैं। सीबीआई के जो बड़े-बड़े अधिकारी हैं, कितने बड़े फ्राड की छानबीन शुरू करते हैं, बहुत एक्सपर्ट्स की तरह छानबीन करते हैं। आफिसर्स का देश में अकाल नहीं है, बस आफिसर्स की नीयत के ऊपर नजर रखने की आवश्यकता है, ऐसा मेरा एक निवेदन है।

इस निवेदन के साथ-साथ हाल के वर्षों में 1991 के बाद जब से निजीकरण की नीति हमारे देश में आई और आर्थिक उदारीकरण की व्यवस्था को हमने स्वीकार किया, तब से निश्चित तौर पर...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप अपनी बात को संक्षिप्त कीजिए।

श्री संजय निरुपम : महोदय, मैं थोड़ा तो बोलूंगा ही।

सभापति महोदय : आप बोलिए, लेकिन थोड़ा संक्षिप्त रखिए। हम आपको बोलने का मौका तो दे ही रहे हैं।

श्री संजय निरुपम : वर्ष 1991 के बाद आर्थिक उदारीकरण का दौर शुरू हुआ और उसके बाद हमारे देश की अर्थव्यवस्था में काफी विस्तार हुआ। हमारी अर्थव्यवस्था बहुत फैली है, जैसा कि मंत्री जी ने बताया कि तीस हजार कम्पनियां 1956 में थीं और आज साढ़े आठ लाख के आस-पास कम्पनियां हैं। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था में विकास और विस्तार हो रहा है, वैसे ही कारपोरेट जगत में भी बहुत सारी एक्टीविटीज हो रही हैं। पिछले दस-पन्द्रह वर्षों में तेजी से मर्जर और एक्वीजिशन के काम हुए हैं। कितनी कम्पनियों ने मर्जर किया, कितनी कम्पनियों ने एक्विजिशन किया, उसकी एक बड़ी लिस्ट है, जो कि मेरे पास नहीं है, लेकिन कम्पनी अफेयर्स के पास होगी। लेकिन इस दौरान जो इंसाइडिर ट्रेडिंग होती है उसके भी केसिस निकल कर आते हैं। दुर्भाग्यवश हमारे देश में इंसाइडिर ट्रेडिंग में शामिल लोगों के ऊपर सख्त कार्यवाही नहीं हो पाती है। एक-दो केसिस मुझे याद आते हैं लेकिन मैं नाम नहीं लेना चाहता हूं। जिस तरह से यूएसए में होता है कि भारतीय मूल के एक गुप्ता जी थे, जो कि मैकेन्जी में काम करते थे। उन पर आरोप लगा तो उन्हें उठाकर जेल में डाल दिया। अब वहां यूएसए में किसी की हिम्मत नहीं होगी कि वह ऐसी ट्रेडिंग कर सके। हमारे यहां एक-दो ऐसे केस निकले हैं, लेकिन वह आदमी जेल में नहीं डाला गया। एक-आध करोड़ रुपए का डिक्लेयरेशन नहीं था, उस पर कुछ पैनल्टी डाल कर छोड़ दिया गया। ऐसे में बढ़ते मर्जर और एक्विजिशन के केसिस हैं, जिनके तहत इनसाइडर ट्रेडिंग हो रही है, उसे समझना और उस पर सख्ती से कार्यवाही करना बहुत आवश्यक है।

यहां चिट फंड कम्पनियों के बारे में क्लाज है। मैं पूरा क्लाज नहीं पढ़ रहा हूं। चिट फंड कम्पनियों के बारे में जिस प्रकार का प्रोविजन आया है, निश्चित तौर पर यह स्वागत योग्य है। मैं इसका स्वागत करता हूं। छोटे-छोटे इन्वेस्टर्स को लूटने का हमारे देश में जो कार्यक्रम चल रहा है, वह एक बहुत ही जघन्य अपराध है। देश में लगभग दो हजार के करीब ऐसी चिट फंड कम्पनियां हैं। उन कम्पनियों को चैक करना और जो छोटे-छोटे बचतकर्ता हैं।

20.00hrs

उनके पैसे जिस प्रकार से उसमें शामिल हैं, उनको जिस तरीके से निराश किया जा रहा है, उसको चैक करने का इसमें जो इंतजाम है, उसके लिए आपको बहुत बधाई हो और उसके लिए मैं आपका अभिनंदन करूंगा। पियरलैस से लेकर, अभी ताजा एक क्यूनेट कम्पनी आई है, कोई मलेशियन ग्रुप की कम्पनी है। मल्टी लेवल मार्केटिंग, पैरामिड मार्केटिंग, इस तरह की कम्पनियों का जो खेल चल रहा है, उन कम्पनियों को चैक करना बहुत आवश्यक है। ये बड़ी-बड़ी कम्पनियां हैं। सत्यम कम्प्यूटर के बारे में मंत्री जी ने जिक्र किया। सत्यम कम्प्यूटर को हमारे देश की सरकार ने बहुत अच्छे ढंग से हैंडल किया। फिर महेन्द्रा ने उसको टेक ओवर किया। सत्यम के मालिक जो श्री राजू थे, उनको अरैस्ट किया गया। उनके फाइनेंस डिपार्टमेंट के कुछ अधिकारियों को अरैस्ट किया गया, लेकिन जिस चार्टर्ड एकाउंटेंट कम्पनी की वजह से सत्यम में इतनी बड़ी फर्जिंग हुई थी, उस कम्पनी के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसको बोलते हैं - प्राइस वाटर हाउस कूपर। ये विदेशी कम्पनी थी। आज भी वह कम्पनी हर जगह उसी तरीके से काम कर रही है। आपने इसमें जो ऑडिटिंग और एकाउंटिंग के ऊपर एक प्रोविजन डाला है, वह बहुत अच्छा प्रोविजन है। उससे सख्ती होगी। ऐसी जो चार्टर्ड एकाटेंट कम्पनियां हैं, जो ऑडिटिंग फर्म्स हैं, इसमें अगर कोई कम्पनी गलती करती है तो उसका लाइसेंस सीधे रद्द होना चाहिए। उसको इस बिजनैस में काम करने का कोई हक नहीं होना चाहिए।

आपने एक अच्छी व्यवस्था की है कि पांच साल से ज्यादा कोई एक ऑडिटिंग कम्पनी किसी भी कम्पनी के साथ अपना रिश्ता नहीं रख सकती है। हर पांच साल बाद उसको बदलना पड़ेगा। इस हिसाब से आपका यह अच्छा सुझाव है। दूसरा, चेंज ऑफ बिजनैस के बारे में जो एक व्यवस्था है, आज हमारे यहां क्या होता है। मान लीजिए, एक फिश फार्मिंग कम्पनी है, प्रोन फार्मिंग कम्पनी महाराष्ट्र में है। वह रातोंरात प्रोन फार्मिंग के धंधे में जाते हैं, कुछ पैसे कमाते हैं, बैंकों से लोन लेते हैं और रातोंरात तय करते हैं कि ऐसा करेंगे कि अब हम आईटी कम्पनी बनेंगे। रातोंरात अपना नाम बदल लेना, धंधा बदल लेना, किसी इन्वेस्टर से नहीं पूछना। उसके ऊपर आपका जो प्रोविजन है, निश्चित तौर पर इस प्रकार के जो मेलप्रेक्टिसेस हैं, उनके ऊपर चैक लगेगा। एक बड़ी एयरलाइन कम्पनी, जो छः महीने से अपने एम्प्लाइज़ को सैलेरी नहीं दे पाई है। उसके जो मालिक हैं, वे हमारे कुलिग हैं। छः महीने से उस कम्पनी के एम्प्लाइज़ को सैलेरी नहीं मिली है। कम्पनी के एम्प्लाइज़ की वाइफ्स सुसाइड कर रही हैं। सब रेज एक-एक प्लेन लेकर जा रहे हैं, उस कम्पनी के बारे में आज तक कोई एक्शन नहीं लिया गया।

सभापति महोदय, मेरी आपके माध्यम से सरकार से गुजारिश है कि उस कम्पनी के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए, मैनेजमेंट टेक ओवर होना चाहिए। जैसे हमने सत्यम को बचाया, उसी तरह से इस कम्पनी को भी बचाना चाहिए। अगर ये मालिक इसे नहीं बचा पा रहा है, इसे पूरी दुनिया में घूमने का शौंक है तो वह घूमे। जिस

कम्पनी के एम्प्लाइज़ की वाइफ़्स सुसाइड कर रही हैं, उस कम्पनी का मालिक साढ़े तीन लाख का सोना एक मंदिर में अपने जन्मदिन पर डोनेट करता है। वह बड़ी-बड़ी पार्टियां करता है, आप बिलकुल करिए। लेकिन ये जो कार्पोरेट गवर्नेंस की इसमें कमी आई है, उस कमी को दूर करने की दिशा में कम्पनी अफेयर्स मिनिस्ट्री को आगे जाकर कार्यवाही करनी पड़ेगी, ऐसा मेरा आपसे निवेदन है। उस कम्पनी को बचाने की दिशा में, उस कम्पनी के एम्प्लाइज़ की रक्षा करने की दिशा में, उसका जो पूरा ऑपरेशन हॉल्टेड है, उस ऑपरेशन को फिर से आगे चलाने की दिशा में निश्चित तौर पर मंत्रालय की तरफ से यह काम होना चाहिए, ऐसा मैं मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा। मैं कुछ बातें सैलेरीज़ के बारे में कहना चाहता हूं। आज सचमुच यह बात बड़ी आश्चर्यजनक लगती है और बहुत दुख भी होता है कि इस देश में लाखों-करोड़ों लोग गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं। 23-26 परसैंट के आसपास अलग-अलग फीगर्स आते हैं। शहरों में जाकर देखिए। मुंबई जैसे शहर में जाकर देखिए, वहां बहुत से लोग झोंपड़ियों में रह रहे हैं। उनकी जिन्दगी ज़लील हुई पड़ी है। उसी शहर में ऐसे-ऐसे कार्पोरेट सैक्टर के प्रमोटर्स हैं, जिनकी सैलेरी डेढ़-दो सौ करोड़ है। ऐसे में सैलेरी को रेशनलाइज़ करना एक आवश्यक कदम है। मुझे लगता है कि अभी इसमें जो 11 परसैंट का प्रावधान है, उस प्रावधान का भी वे दुरुपयोग करेंगे। उस सैलेरी को कहीं न कहीं ज्यादा से ज्यादा रेशनलाइज़ करने के लिए जब रूल्स फ्रेम करें तो उसमें इस प्रकार की एक गाइड लाइन आनी चाहिए, ऐसा मेरा आपसे निवेदन होगा। एक अलग कानून है, उसके लिए एक अलग कोर्ट है। आपने एक अलग ट्रिब्यूनल बनाया, एक अलग पुलिस एजेंसी आपने बना कर दी है। मैं उम्मीद करता हूं कि इस कानून के माध्यम से हमारे देश में जो कार्पोरेट फ्रॉड्स हो रहे हैं, उनके ऊपर निश्चित तौर पर एक नियंत्रण स्थापित होगा और जो छोटे-छोटे इन्वेस्टर्स और बचत कर्ता हैं, उनकी जमा पूंजी सुरक्षित रहेगी और हमारे देश में एक अच्छा कार्पोरेट गवर्नेंस का राज होगा, ऐसी मैं उम्मीद करता हूं।

इसके साथ ही मैं नौजवान मंत्री के द्वारा लाए हुए इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, I have a list of seven or eight Members to speak on this Bill. If the House agrees, the time of the House may be extended by one hour.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI KAMAL NATH): Mr. Chairman, Sir, I would like to make a submission. I would appeal to the Members that we have to take this Bill to the Rajya Sabha. Please understand my dilemma. Please be brief so that this Bill is passed today itself. ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: I think, the House agrees. The time of the House is extended by one hour.

Now, Shri Shailendra Kumar ji.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे कम्पनी विधेयक, 2011 पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

अभी हमारे मित्र शिव कुमार उदासी साहब बोल रहे थे, बड़ा अच्छा उन्होंने इस पर अपना पक्ष रखा।...(व्यवधान) माननीय मंत्री जी डिस्टर्ब कर रहे हैं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : कृपया शान्त रहिये। व्यवधान न करें, उनको बोलने दें। आप बोलिये। आप मेरी तरफ देखकर बोलिये।

श्री शैलेन्द्र कुमार : आप मंत्री जी को देखिये।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : मंत्री जी, जरा बैठ जायें। मंत्री जी बैठे हैं, आपकी बात सुन रहे हैं।

श्री शैलेन्द्र कुमार : उदासी जी हमारे मित्र हैं। इनको मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहूंगा। मुझे नहीं मालूम था कि ये पढ़ते भी बहुत हैं। जब भी मैं इनके घर गया तो ये पढ़ते हुए ही मिले, इसलिए मैं इनका बहुत आभार व्यक्त करता हूं। बहुत तैयारी के साथ जिस प्रकार से माननीय मंत्री जी ने अपनी बात इस बिल पर रखी है, उसके मुताबिक अपना पक्ष भी शिवकुमार उदासी जी ने रखा है।

सबसे पहले मैं माननीय मंत्री सचिन पायलट जी का बहुत आभारी हूं कि वे इतना पोथन्ना जैसा बिल लेकर हम लोगों के बीच में आये और अपना पक्ष भी बहुत अच्छी तरह से प्रस्तुत किया। आपको हम लोगों की, पूरे हाउस की शुभकामनाएं हैं कि आप आगे बढ़े, तरक्की करें।

दूसरी बात यह है कि इस बिल में अभी देखा गया कि 1956 के बाद 1993 तक करीब 26 संशोधन हुए हैं। आपने उस वक्त की 30 कम्पनियों का हवाला दिया। इस वक्त 2012 में पूरे देश में 8.5 लाख कम्पनियां हैं। इसमें 193 स्टेंडिंग कमेटी की संस्तुतियां आई हैं, रिकमेण्डेशंस आई हैं और वे सब आपने मान ली हैं, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं कि आपने स्थाई समिति की जो भी रिकमेण्डेशंस आई, सब आपने मान लीं।

जहां तक देखा गया है, चाहे वे निजी कम्पनियां हों या सरकारी उपक्रम हों, बहुत सी हमारे देश में नवरत्न कम्पनियां हैं, मिनी नवरत्न कम्पनियां हैं, जिन्हें राष्ट्रपति जी के द्वारा और सरकार के द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। जैसे फिक्की है, सेबी है, उसी प्रकार से मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ कि एक डिक्की भी है, दलित इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स, दो हजार के करीब इस डिक्की के मैम्बर्स हैं। उन्होंने हम सभी शैडयूल्ड कास्ट्स, शैडयूल्ड ट्राइब्स एम.पीज़. लोगों को बुलाया। हमको नहीं मालूम था कि हमारे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के भी इस प्रकार के कारपोरेट घराने के लोग हैं। वहां पर पहुंच कर हम लोगों को बहुत खुशी हुई, हमारे तमाम मंत्रीगण भी वहां गये थे। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहूंगा, सरकार से भी कहूंगा कि जिस प्रकार से फिक्की है या डिक्की जो बनी हुई

है, डिक्की के लोगों को आपके प्रोत्साहन की जरूरत है, उनको बैंकिंग की जरूरत है। आप इसका ख्याल जरूर रखिएगा, क्योंकि, आज जो भी सरकारें हैं, चाहे एन.डी.ए. की हो या यू.पी.ए. की हो, वे हमेशा दलितों की बात करती हैं। अगर ये लोग छोटी-छोटी पूंजी लेकर आगे बढ़ते हैं तो इनके हितों की रक्षा के लिए, इनको निवेश के लिए, इनको लोन के लिए भी आप प्रोत्साहन देंगे, यह मेरी आपसे अपेक्षा है।

दूसरी बात यह है कि यहां पर सी.एस.आर. के बारे में आपने बताया। कारपोरेट सोशल रैस्पोंसिबिलिटी की बात जो आपने रखी है, मैं बहुत ध्यान से इसे देख रहा था, यह बहुत अच्छी योजना है। अभी हमारे संजय निरुपम जी ने बड़े विस्तार से इसको परिभाषित भी किया है, लेकिन जहां तक मैं पब्लिक सैक्टर अंडरटेकिंग की मीटिंग में गया, ऐसी बहुत सी कम्पनियां हैं, सी.एस.आर. में जैसा आपने परिभाषित किया कि प्रोफिट का दो परसेंट ये कम्पनियां सोशल नेटवर्किंग के विकास में, कल्याण में लगाती हैं। लेकिन वह कम है। बहुत सी ऐसी कंपनियां हैं, जो करोड़ों के फायदे में हैं। मैं चाहूंगा कि प्रॉफिट को दो पर्सेंट से आगे बढ़ायें। ज्यादातर मैंने देखा है कि जो कंपनियां जहां पर स्थापित हैं, उसके इर्द-गिर्द जो गांव या जो भी इलाके हैं, उनके डेवलपमेंट के लिए वे काम करती हैं। कुछ कंपनियां एनजीओ को भी काम देती हैं, क्योंकि अभी तक सीएसआर का कोई मानक फिक्स नहीं है। हम लोगों ने कई कंपनियों के बारे में जब अध्ययन किया तो पता लगा कि कुछ तो वे डायरेक्ट करते हैं, कुछ एनजीओ के थ्रू करते हैं, कुछ लोग अपने इलाके में करते हैं और कुछ लोग ऑल ओवर इंडिया में कल्याणकारी विकास की योजनाओं पर काम करते हैं। मैं कहना चाहूंगा कि इसके लिए आप फिक्स मानक बना दें कि कैसे, किस इलाके में, कहां पर ये करें और खासकर मैं चाहूंगा कि जो रिमोट एरियाज़ हैं, जो दूर-सुदूर के इलाके हैं, जहां पर डेवलपमेंट नहीं हुआ है, वहां पर कम से कम इसे स्थापित किया जाये तो मेरे ख्याल से बहुत अच्छा हो। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : संक्षिप्त कीजिए।

श्री शैलेन्द्र कुमार : महोदय, दूसरी बात यह है कि बहुत सी ऐसी कंपनियां हैं, जिनमें सरकार की पूंजी लगी है और बहुत से लोगों ने ऋण लिये हैं। वे कंपनियां आज बीमारी की हालत में हैं, जिन्हें सिक कंपनियां कहते हैं, उनको भी पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। इस ओर सरकार ध्यान दे और खासकर आपने जो निवेशक और शेयर धारकों के हितों की रक्षा की बात की है, उस तरफ विशेष तौर पर ध्यान देने की आवश्यकता है। बहुत सी कंपनियों के बारे में अभी हमारे पूर्व वक्ताओं ने कहा, उदासी जी ने कहा, संजय निरूपम जी ने कहा कि बड़े पैमाने पर पैसे ले जाते हैं और सत्यम आदि तमाम कंपनियों की बात इन्होंने कही। ऐसी बहुत सी कंपनियां हैं, बहुत सी चिट फंड कंपनियां हैं, जो पब्लिक के पैसे को लेकर भाग गयीं। इसके लिए आप सजा का प्रावधान बहुत कड़ा करें ताकि आने वाले समय में जो भी कंपनियां स्थापित हो रही हैं, वे इस तरह की जुर्रत न कर सकें और इस तरह का कोई प्रयास न कर सकें।

श्रमिकों के हितों की रक्षा की तरफ आपने इंगित किया, गुरूदास गुप्त जी सदन में उपस्थित होते तो बड़ा अच्छा होता। श्रमिकों के हितों की रक्षा, कर्मचारियों के हितों की रक्षा को सर्वोपरि रखें क्योंकि इन्हीं पर पूरा संस्थान और कंपनियां आधारित होती हैं। अगर इनकी यूनियन जायज मांग को लेकर हड़ताल करती हैं, अपनी मांग को लेकर बात कहती हैं तो उसको मानना चाहिए। आपको कारपोरेट घराने के लोगों पर दबाव बनाना चाहिए कि उनके हितों की रक्षा सर्वोपरि रखें।

सभापति महोदय : संक्षिप्त करें।

श्री शैलेन्द्र कुमार : महोदय, मैं समापन की ओर हूं, केवल दो-तीन प्वाइंट्स शेष हैं।

इस प्रकार की जो फ्रॉड करने वाली कंपनियां हैं, उन पर कड़ाई से सख्ती की जाए। जहां तक रोजगार के अवसर की बात आपने कही है, मैंने देखा है कि जैसे अभी हमारे यहां सरकारी उपक्रम लग रहे हैं, उसमें ये तमाम अधिकारी कर्मचारियों को बाहर से ला रहे हैं। यह कोशिश करनी चाहिए कि जिन लोगों की वहां लैंड गयी हैं, जिन लोगों ने स्वेच्छा से लैंड दी है, हम यह नहीं कहते कि उनकी उपजाऊ जमीनें थीं, लेकिन जिन लोगों ने स्वेच्छा से लैंड दिया है, उनको प्राथमिकता देनी चाहिए कि उन्हें उन कंपनियों में विशेष सेवा का अवसर प्रदान करें और उनको रोजगार दें। उनको विशेष अवसर प्रदान करें, यह मेरे कहने का मतलब है। यह कोशिश कंपनी को करनी चाहिए कि चाहे निजी कंपनी हो या सरकारी उपक्रम हो, इसमें आरक्षण की भी व्यवस्था हो। जो एस.सी., एस.टी. हैं, उन पर विशेष ध्यान दें कि इनको विशेष सेवा का अवसर प्रदान करें, तभी जो रोजगार के अवसर बढ़ाने की बात आपने कही है, वह पूरी हो पाएगी।

राष्ट्रीय कंपनी विधिक अधिकरण बनाये जाने की बात आपने कही है, यह बहुत अच्छी बात है। अगर कहीं भी कंपनी या संस्थान में कोई बात आए तो अपनी बात इसमें ले जाएं। इसको जल्दी से जल्दी बनाने की आवश्यकता है, तभी जाकर कंपनी शेयर धारकों, निवेशकों, श्रमिकों, कर्मचारियों और तमाम जो रोजगार के अवसर हैं, उनके हितों की रक्षा हो पाएगी।

महोदय, मैं ज्यादा कुछ न कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा, चूंकि सभापति जी, जो हमारे सीधी के सम्मानित मित्र हैं, इन्होंने आपको इंगित किया और आपने घंटी बजा दी। ...(व्यवधान) मैं अपनी बात समाप्त करते हुए इस बिल का पुरजोर समर्थन करता हूं।

श्री विजय बहादुर सिंह (हमीरपुर, उ.प्र.): इसमें गोल्डेन प्रोविजन पहली बार आया है क्योंकि 50-60 साल से ज्यादा कंपनी एक्ट हो गया है। That is Section 172.

Section 135 'Corporate Social Responsibility' अगर यह लेटर इन स्पीरिट में इम्प्लिमेंट हो जाए तो कंपनिज एक्ट में काफी चेंज आएगा। अभी इसके रूल्स बने नहीं है। इसका रियल उपयोग होना चाहिए। जैसा कि बताया जाता है कि कोई कारपोरेट सेक्टर अपना स्कूल चलाने लगा, ऐसा नहीं होना चाहिए। इसकी रियल सोशल रिस्पांसिबिलिटी होनी चाहिए।

दूसरा, इसमें जो वाइंडिंग-अप प्रोवीजन्स आए हैं, 1928 के एक्ट, 1942 के एक्ट और 1956 के कंपनी एक्ट में ये वाइंडिंग-अप प्रोवीजन है। आपने ट्रिब्यूनल गठित किया है। यह ट्रिब्यूनल 15 साल से अभी तक नहीं बन पाया है। वाइंडिंग-अप यह है कि if the company is unable to pay its debt. यह 242 सेक्शन है। ये रिस्पांसिबिलिटी बड़ा सिरियस चीज है। अभी तक पिछले साठ सालों से, वर्ष 1950 से, यह हाईकोर्ट जज करता था। They were expert on the subject. अब ट्रिब्यूनल में क्या होगा कि दो पुराने रिटायर्ड ब्युरोक्रेट्स या कुछ जान-पहचानी ऐक्सेस पावर, अगर वे आ जाएंगे then, winding up and rehabilitation of the company will become farce. मैं यह कहना चाहता हूं। The system, which has already stood the test of time. जो 50 सालों से हाई कोर्ट की डिविजन बेंच वाइंडिंग अप कर रही थी, what is wrong in that? दूसरा प्रोविजन इन्होंने यह दिया है कि ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : कृपया व्यवधान न करें। आप बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री विजय बहादुर सिंह : मैं चाहूंगा कि यंग डायनेमिक मिनिस्टर साहब इसको रिलुक कर दें। अगर If this has stood the test of time by judicial decisions right from 1950 till date, why do we not continue that process? कैट में क्या हो रहा है? पता लगा कि रेलवे के रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट्स आ गए आए। कम्पलसरी रिटायरमेंट का उनको मालूम नहीं है, by the time they know, they are out. नतीजा यह हुआ कि जब से कैट बनी है एरियर्स बाउंस हो गए। जो हाई कोर्ट्स में एरियर्स थे, वे कैट में चले गए। मैं चाहता हूं कि कंपनी एक्ट के जो ड्रास्टिक प्रोविजन्स हैं they may continue them under the judicial review of the High Court. उनको यह एडवांटेज होगा, लिटिगैशन खत्म होगा। After Shri L. Chander Kumar case, every order has the judicial review. वह हाईकोर्ट में चला जाएगा। ...(व्यवधान) The appeal from Caesar's wife will go to Caesar. अगर ट्रिब्यूनल में संयुक्त सचिव हैं तो अपीलेट में सचिव हो जाएंगे तो फिर वही चीज हुई। ...(व्यवधान) मैं इसको लीगल ऐंगल से क्लीयर करना चाहता हूं कि इतनी जल्दी तो इसको ओझा भी नहीं समझ सकते कि यह क्या है? इतनी जल्दी हाथ लगाएं और समझ जाएं यह तो बड़ा मुश्किल है। ...(व्यवधान) इतनी जल्दी इसको भाजपा वाले भी नहीं समझ सकते हैं। ...(व्यवधान) मेरा कहना यह है कि इसमें जो जूडिशियल रिव्यू का मैकेनिज्म है अगर हाईकोर्ट का मैकेनिज्म इनकारपोरेट करते रहें तो चलेगा।

एक और प्रोविजन है कि इनको ट्रिब्यूनल में अपील फाइल करने का लिमिटेशन तीन साल है। यह कहीं नहीं है। सिर्फ सिविल सूट फाइल करने का लिमिटेशन है कि तीन साल पहले आपने उधार लिया हो तो टाइम बार्ड होता है। Then, why it is three years and why not 90 days, which is all over there. लॉ ऑफ लिमिटेशन, सुप्रीम कोर्ट के जितने केसेज हैं, why only three years?

मैं अंत में कहना चाहता हूं कि इसमें जो वाइंडिंग अप के पावर्स दिए गए हैं, एक सैक्शन होता है if it is just and equitable, उसकी थोड़ी सी लैंग्वेज ट्विस्ट हुई है। मैं ज्यादा न कहकर इसका एक रिटन नोट दे दूंगा, क्योंकि अभी कमल नाथ जी ने बताया कि यह राज्य सभा में भी जाएगा। आज सिर्फ रिचुअल है, इसका एक्शन रिप्ले फिर होगा। मैं इसका रिटन नोट दूंगा और अगर वे वर्ड्स का एडजस्टमैंट कर सकें तो कर लें।

इसके अलावा इस बिल में और कुछ खास नहीं है। यह जिस तरह है, इसे पास कर दिया जाए, राज्य सभा में देखा जाएगा।

प्रो. सौगत राय (दमदम): सभापति जी, नार्मली इस बिल का विरोध करना चाहिए, क्योंकि यह आज ही लिस्ट ऑफ बिजनस में आया है।...(व्यवधान) आज ही पास हो रहा है।...(व्यवधान) हमें इस पर संशोधन देने का मौका नहीं मिला। लेकिन मैं फिर भी दो कारणों से इस बिल का समर्थन करता हूं। एक नौजवान मंत्री जिंदगी में पहली बार एक भारी बिल लाए हैं। मैं उनके पूज्य पिताजी को जानता था। मैं जिस रास्ते से रोज जाता हूं - राजेश पायलट मार्ग, तो उनकी याद आती है। उनका बेटा बिल लाया है, इसलिए इसका समर्थन करना हमारा फर्ज बनता है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : कोई और बात रिकार्ड में नहीं जाएगी, केवल माननीय सदस्य की स्पीच रिकार्ड में जाएगी।

...(व्यवधान)*

प्रो. सौगत राय : दूसरी बात, मेरे ख्याल से कम्पनीज़ लॉ जो 56 का कानून था, वह काफी मोटी किताब होती थी। This is only about 490 clauses. A single Bill has been presented. यह अच्छा है क्योंकि बिल कॉमप्लीकेटेड होने से विजय बहादुर जी जैसे वकील को फायदा मिलता है, बिल साधारण होने से हम जैसे आम आदमी को सुविधाएं मिलती हैं। इसलिए इस बिल का समर्थन करना चाहिए। इस बिल में कई नए सुधार लाए गए हैं। कॉरपोरेट गवर्नेंस के बारे में बताया गया, रिमुनरेशन पॉलिसी के बारे में बताया गया, कॉरपोरेट सोशल रिस्पौंसीबिलिटी (सीएसआर) दो प्रतिशत कर दिया गया, रोटेशन ऑफ ऑडिटर्स एंड ऑडिटिंग फर्म्स रटैटूटरी बना दिया गया और इंडीपेंडेंट डायरैक्टर्स पर कोई रिस्ट्रिक्शन लाया गया। These are all welcome steps. यह अच्छी बात है। मैं बताना चाहता हूं कि हमारा कॉरपोरेट गवर्नेंस कितना कमजोर है, यह सत्यम कम्प्यूटर्स के केस में पता चला। कैसे एक आदमी ने कॉरपोरेट फ्रॉड करके पैसे का पहाड़ बनाया, सत्यम कम्प्यूटर्स इसका उदाहरण है। संजय निरुपम जी बता रहे थे कि उसका मालिक रामलिंगम राजू अभी जेल में है। लेकिन बात यह है कि यह हुआ कैसे? क्यों हमारा रैगुलेशन नहीं था कि जब वह इतना फ्रॉड कर रहा था तो उसे पकड़ा जाता। संजय निरुपम जी ने सही बात बताई कि रामलिंगम राजू जेल में गया, जो ऑडिटर था प्राइस वाटर हाउस कूपर, वह अभी भी व्यापार कर रहा है, उस पर कोई पाबंदी नहीं लगाई गई।

अभी वह वैसा ही चला आ रहा है। हमें देखना चाहिए कि ऐसा फ्रॉड फिर कभी न हो।

महाराज जी, मैं आपको मानता हूं। आपके प्रवचन की सीडी मेरे पास है। मुझे दो मिनट समय और दे दीजिए। मैं आपके आश्रम में भी गया हूं। मेरे ऊपर थोड़ी दया कीजिए।

सभापति महोदय: धन्यवाद।

प्रो. सौगत राय : महाराज मुझे जानते हैं, मेरे साथ उनका बहुत अच्छा रिश्ता है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : धन्यवाद।

Nothing else will go on record.

(Interruptions) â€¦*

PROF. SAUGATA ROY : Sir, I am finishing my speech in two minutes. Basically, we are supporting the Bill.

महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि रिम्यूनरेशन पर लिमिट्स होनी चाहिए। हम एक गरीब देश में हैं, वहां रिलायंस का टॉप ऑफिशियल अम्बानी, नाम भी नहीं बोलना चाहिए, रिम्यूनरेशन की कोई लिमिट होनी चाहिए। मैं जब देखता हूं, तो आंसू आ जाता है कि उसने 27 फ्लोर का एक मकान मुंबई में बनाया है अपने रहने के लिए। क्या उसमें लगा पैसा उसका खुद का है? वह शेयरहोल्डर्स का पैसा है। अम्बानी स्टेडियम में शेयरहोल्डर्स की मीटिंग करता था, it is obscene display of wealth. वह जन्मदिन पर अपनी बीवी को एग्जीक्यूटिव जेट प्रजेंट करता है। क्या इस गरीब देश में ऐसा होना चाहिए? क्या इस पर कोई पाबंदी नहीं होनी चाहिए? यह नौजवान मंत्री हैं। एक समय जब हम लोग कांग्रेस में थे, हम लोग समाजवाद की बात करते थे और आज वही कांग्रेस आज अम्बानी फैमिली के लोगों को ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : ठीक है।

प्रो. सौगत राय : महोदय, यह एक सीरियस मामला है। There should be a limit on remuneration, and this obscene and vulgar display of wealth must stop. दूसरी बात, संजय निरुपम जी ने बोला है, मैंने देखा मंत्री जी, कोलकाता गए थे। वहां पर उन्होंने बोला कि चिट फंड के खिलाफ कदम उठाइए। मैं समझता हूं कि सीरियस बात है। हजारों-लाखों रमाल डिपाजिटर्स का पैसा उमसें जमा हुआ है और कोई नहीं जानता है कि वह कब बंद हो जाएगा, ये सब गरीब लोग बेघर हो जाएंगे। सहारा के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक जजमेंट दिया, उसको स्टे मिला। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इतना रुपया जमा करना है। लेकिन कैसे और किसकी मदद से सहारा इतना बड़ा बन गया? यह बात समझनी चाहिए। उसकी कोई खास एसेट्स नहीं हैं। He wanted to have a cricket team in Pune. फिर बोला कि उसके लिए पूना में अपना स्टेडियम चाहिए, तो अपने नाम से स्टेडियम बना दिया। यह पैसा कहां से आता है? गोरखपुर के छोटे डिपॉजिटर्स के पैसे से इतना बड़ा बना और लड़के की शादी में 150 करोड़ रुपये खर्च कर दिया। इस मुल्क में कोई देखने वाला नहीं है? हमारे सामने कानून रहते हुए भी यह सब वल्गर डिस्पले ऑफ वेल्थ चलेगा? इस पर सोचना चाहिए। मुल्क आगे बढ़े, लेकिन यह आगे बढ़ना केवल कुछ कारपोरेट लोगों का आगे बढ़ना नहीं होना चाहिए। यहां कोई सामाजिक न्याय होना चाहिए। मैं विश्वास करता हूं, जैसा आप प्रवचन में बोलते हैं कि सीधा जीवन चलिए, वह करना चाहिए। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस बिल का हम लोग समर्थन करेंगे। हमारी पार्टी का सिद्धांत है कि हम इस बिल का समर्थन करेंगे, लेकिन यह मेरी मांग है कि इस बिल को और स्ट्रंग बनाएं। सीरियस फ्रॉड इनवेस्टीगेशन ऑफिस बहुत पावरफुल आर्म है, कंपनीज के बारे में यह सीबीआई से भी ज्यादा पावरफुल हो सकती है। उसको स्टेटयूटरी पावर दे दिया, हम इसका समर्थन करते हैं, लेकिन they need more teeth. इसी बात के साथ मैं नौजवान मंत्री को बधाई देते हुए बिल का समर्थन करता हूं।

SK. SAIDUL HAQUE (BARDHMAN-DURGAPUR): Thank you, Mr. Chairman, Sir, for giving me permission to speak on this Bill. To make my speech very brief, I shall only make a few points.

My first point is about corporate social responsibility. The Bill states that a company having a net worth of Rs. 500 crore or more, or a turnover of Rs. 1,000 crore, or a net profit for development of Rs. 5 crore per annum, they will spend two per cent of their net profits in and around the area. But my point is that this provision should be made mandatory. In case of a PSU, it is mandatory; but in this case, the Bill states that if a company fails to spend such amount, the Board shall specify reasons for not spending that amount in its report. Why? The Board should not be given any option. They must spend at least two per cent of their total profit? Why should the net worth be limited to Rs. 500 crore? It should be made Rs. 100 crore. Similarly, why should the turnover limit be Rs. 1,000 crore? It should be made Rs. 500 crore.

The second point is about auditing and accounting. Auditor must be put under strict vigilance not ban for only five years, rather if any auditor commits any willful wrong, he should be blacklisted.

My third point is about the Company Law. Today, what we are seeing is that many companies register and engage themselves collecting money as 'chit funds', and thereby are deceiving the people. We are seeing these things in many parts of the country, particularly in my State of West Bengal. What is very alarming is that many persons associated with

these 'chit funds' have political connections. Why? No person who has relations with any 'chit fund' should be elected as an MLA or MP. Such a provision should be there. My point is that the Company Law should be so strict that there should be no 'chit fund' companies as registered company. The existing 'chit funds' should be audited properly so that they cannot deceive the people.

Fourth point is about the interest of the workers and employees of a company, which should be looked into so that the workers are not deprived of any kind of benefits. At the same time, about the sick industries, SICA defines a sick company as an insolvent company and attempts to put in place the process by which such companies could be revived. The Eradi Committee pointed out the endemic delays in the restructuring process or revival process often caused by the company promoters themselves. So, the hon. Minister should look into that so that the sick companies could be revived without any impediments from the promoters. The safeguards of the workers of these sick companies should be protected.

Fifth point is about the definition of the listed company. That should be made more clear-cut. At the same time, the corporate sector should be brought under strict vigilance.

My sixth point is about considering the recommendation of the Standing Committee, that is, to restrict the number of companies beyond which an 'audit firm' shall not be auditors. The Government should prescribe the number of the companies.

About the definition of 'promoters', it should be relooked. I would request the hon. Minister to have relook at it and bring into its ambit all those persons associated either directly or indirectly as shareholders or otherwise and even those who are acting in a professional capacity and have the power to influence the company and control the company. They also should be brought into the ambit of this definition of 'promoters'.

Now, coming to 'men of high office' who should not be there as any Company's Director. Those who are 'men of high office', that is, Administrators, Executives or in judicial capacity, should not be made Directors, even after their retirement. There is sometimes a nexus between the bureaucrats and the executive. After their retirement, they become Directors.

Coming to the issue of constitutional validity, I would like to bring to the notice of the hon. Minister that the Bill provides for adjudication of company matters by the National Company Law Tribunal set up under the Act. However, a similar body set up under the Amendment to the Companies Act in 2002 currently faces a legal challenge in the Supreme Court. That needs to be looked into.

Now, there is a provision in the Bill that comes in conflict with the SEBI Act and its Rules. That must not be there. The SEBI Act must not be diluted, rather it should be made more strict to restrict frauds like what has happened in the case of Satyam. Any case of fraud should be investigated and proper punishment should be given.

What we see is that the SEBI Act, 1992 prohibits insider trading in the securities of a listed company. It prescribes a penalty of Rs. 25 crore or three times the profits made from such trading, whichever is higher, for those insiders found guilty of the offence. But what this Bill states is that the Bill bans only Directors or key managerial personnel from insider trading, and it prescribes only a penalty of Rs. 5 lakh to Rs. 1 crore. That should not be the case. It should be made more strict.

In case of delisting of a company, the SEBI Act says that if it is a listed company for three years, then the existing shareholders must approve of delisting. But the Bill does not restrict the types of companies which could delist themselves. Therefore, the interest of the existing shareholders, however small their shareholding may be, should be looked into.

With these points, I would request the hon. Minister to go through the Bill again, restructure it and then place it before the House.

DR. M. THAMBIDURAI (KARUR): First of all, I would congratulate my young friend who has taken over the charge as Minister of State(Independent Charge) and piloted this Bill. Sir, I know him very well. He is a very dynamic man and he has

to come up in life further from this position to a higher position. I congratulate and I wish him to come and occupy that position. I know him very well. His father and me were here together. At that time, he was studying in school. Now, I am seeing him. He has become a great man and piloting a Bill for a good cause. ...(*Interruptions*)

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Mr. Pilot is piloting a Bill.

DR. M. THAMBIDURAI : Sir, he has very clearly explained about the purpose of the Bill. He also accepted nearly 90 per cent recommendations of the Standing Committee. He forgot to mention about the report of the Standing Committee. The Finance Committee only took up all these things. We are all Members of the Finance Committee. Most of the Members of the Committee are speaking now. He would have accepted 100 per cent recommendations because most of the Members discussed and recommended them very carefully for this Ministry. He also explained the reason as to why he is bringing this Bill. It is because we want to encourage investment. The investment is more important. Without that, the country cannot develop; our economy cannot develop. We are having a liberalized economy. We are the most democratic country in the world. We have to encourage investment and think of the ways to protect the interests of the investors. That is why, they are bringing so many amendments to this Bill. He has said that the Bill protects the interests of the investors and also the interests of the workers. He also told that after 5 years, the auditors of the company will be changed. But what is happening? Even after 5 years, some juniors who are working as auditors in similar companies, are only becoming auditors to this company. Therefore, we cannot immediately stop that. But anyhow, we have to find out the ways to control that kind of a role.

Another important thing is about Corporate Social Responsibility. He said that two per cent of the net profit would be taken for that purpose. It has to be increased to five per cent because two per cent is too meagre for a company. What can you do with that two per cent for the social purpose? That has to be increased to five per cent. That is the suggestion which we are making.

What is happening in this country? Why are the investors not having confidence in investing? There are bogus companies. They are registering, cheating and running away because they are giving a lot of misleading advertisements. They are misleading the people especially the chit companies. What is happening in Uttar Pradesh? You know very well.

MR. CHAIRMAN: Thank you.

DR. M. THAMBIDURAI (KARUR): I am telling this because I was also holding the charge of this Ministry in 1998-99 as Union Cabinet Minister. . At that time, I received a lot of complaints about that company. I do not want to tell the name of that company. Recently, the Supreme Court has given the judgment in this regard. ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Do not disturb him.

DR. M. THAMBIDURAI: At that time, when I was the Minister, these chit companies had amassed wealth. I am suggesting the young Minister to take care of the interests of the investors especially the depositors. There are many companies which are giving wrong advertisements and cheating the people. They are telling that if you invest now Rs. 100, you will get Rs. 200 within a year. Those companies are giving this kind of misleading advertisement. In Tamil Nadu, we have seen those advertisements and the people of Tamil Nadu have invested in so many companies and those people are cheated. I am suggesting to the young Minister that he has to restrict this kind of misleading advertisement. That is more important. I am suggesting that those advertisements must be controlled and stopped. He has to stop this kind of misleading advertisements in all forms of media. The company can give the advertisement about the company. The company should not give the advertisement about the profit. The poor people especially the wage-earners, the workers and also the rural people after investing their hard-earned savings, are suffering a lot. That is why, this aspect has to be taken care of. They should not give the wrong advertisements. The Minister should take necessary action.

Therefore, I once again congratulate the Minister. Let him be successful. He has brought this Bill for a good cause. I extend my best wishes for him.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Mr. Chairman, at the outset, I should say that this Bill, as the Minister was introducing it, was weighing the weight of that Bill. He did not mention the number of pages that was actually there in the Bill. But, this is the second Bill which this Government had introduced. In the last Lok Sabha, that is, the 14th Lok Sabha, the Bill was introduced. Subsequently, a report was prepared by the Standing Committee. And out of hundreds of suggestions or recommendations that were made, many of them were accepted. After quite some time when new clauses were added to that and was again placed before the House, we took objection to that. The Chairman of the Standing Committee on Finance Shri Yashwant Sinha had to come out in public saying that this has become a new Bill. It has to be referred to the Standing Committee again. When it went to the Standing Committee, I need not mention the deliberations that took place there. But that is a part of history. Many Members wanted to go back again to those suggestions which were already delved into and to look at the Bill afresh. But the Chairman of the Finance Committee took the stand and many of us supported that whatever has already been deliberated and on which the Standing Committee has given its recommendations, we need not go back on those issues again. Whatever new suggestions have come, new provisions have been recommended are placed in the Bill, only those things can be looked into. That is why, a lot of changes have taken place in this Bill.

My humble opinion is that more changes are also required to be taken. It is because of the fact that the Act that is prevalent today is of 1956. Some tinkering might have happened in between. But the whole world has changed relating to the company and the management of the company. I have very little experience of managing a company. I do not hold any company nor do I hold any share in any company. Prof. Saugata Roy also has no share. He does not have any company. He is not a proprietor of any company. Many of us do not have that experience.

Once this Bill came before us for consideration, four major issues are to be delved into. Very rightly, the young Minister who is piloting the first Bill in his career would have been happy if there would have been less vacant benches today and we would not be approaching late night. Therefore, I would say at the outset that we need some more time to delve into it because this Bill is going to create a new atmosphere in this country. This Bill is going to create faith amongst people, those who are buying shares, those who are investing in companies, those who are managing the companies, those who are auditing the companies and those who are getting the benefit of the corporate sector. Therefore, the first and foremost issue is corporate governance. Initially, the first approach in this Bill which the Government has brought to make is about separation between the Chairman and the Chief Executive Officer. Invariably, we have seen many things happened during the last one decade and a half. That is one of the major issues which I think will specify number of companies in which an individual can become a Director. Independent Director is also being delved into. How the Board is going to function is being delved into and about the audit committee to examine eligibility and independence of the auditor is also being looked into.

Our good friend, learned friend Saugata Roy has mentioned about the remuneration. That also was deliberated upon in the Standing Committee. I hope when the Minister replies to the debate – I would be present here and I hope others who have participated in the debate also will be present– will dwell on that issue. Profit-related companies and those companies which are actually going down - how one is going to determine the remuneration?

Corporate Social Responsibility (CSR) of course is an issue that is being discussed not only today in this House but for the last one year or more CSR is being discussed in the media and outside. But that is one aspect. The major aspect I would say is how you are going to modulate or look into the affairs of the auditors who are actually going into the finance aspect of the respective companies. Will it be those two individuals who put their signatures on that audit report or that company which is actually involved in auditing that issue? We have also accepted foreign auditors to come in and give their reports. This Bill, to a great extent, looks into that aspect and also relating to independent auditors.

Sir, the Bill is to consolidate and amend the law relating to companies. The Indian business landscape has changed significantly since 1956. With the economy more globalised, capital more fungible, lower government supervision of business, and society getting more vigilant towards their rights and entitlements â€¦

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

PROF. SAUGATA ROY : He is speaking very nicely, Sir. He is Editor of a newspaper.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB: It is a Odiya newspaper, Sir.

Therefore, laws need to reflect societal and economic changes and should not merely be drafted to mitigate events

and scams that have happened in the recent past. By bringing in laws that are almost replicas of those operating in developed markets, we cannot materially enhance the quality of corporate governance in India where most of the listed companies have a significant majority holding by the promoter group while in the West such laws are written for companies having diverse shareholders. The Companies Bill has brought in elements of law that work well with other markets such as accepting the changes related to the digital age by allowing the use of video conferencing for Board meetings, electronic voting in general meetings, electronic filings, shelf registrations, exit options of minority shareholders as well as a few elements that make it contextual for India. Let us not forget, Sir, that the new legislation seeks to replace the half a century old Companies Act, 1956 and modernize corporate practice in line with developments taking place across the globe.

I come to the Corporate Social Responsibility spending which is an issue that is being discussed all around. The Standing Committee on Finance had asked the Government to clearly define in the Companies Bill the term 'private placement'. I hope the Minister while replying to this issue will explain what this private placement instrument to raise money is and how it is going to benefit.

I come from the State of Odisha; Nishikant Babu comes from the State of Jharkhand; and there are some Members who come from Chhattisgarh. These are mineral-based sectors. Companies are mining there. Companies are putting up plants. But CSR activity is happening either in Mumbai or in other urban areas or even in Kolkata or even in some urban areas of their liking. So, how does it benefit us? The wealth of our area is being exploited. Certain people may get employment there; some State Governments have brought in legislation to restrict recruitment from outside. But what is the CSR activity of these companies where those companies are actually functioning? That is why, repeatedly our attempt was to make it mandatory. But what I find is that there is a dilution. I would be happy if the Minister, while replying, would say that there is no dilution. It is because the two per cent that was made mandatory, the Minister while introducing the Minister said that it is mandatory, but as far as I understand, there is a rider. If a company does not want to invest, in CSR he can specify the reason. If he is going to give a reason, will that reason be accepted by the people where that money was supposed to be spent or it is to be accepted by the Government which sits in Delhi? ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Please conclude your speech now. Please conclude.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : In that respect, I would only insist – earlier, CSR was voluntary; and for the first time, India is going to enforce it and make it mandatory. Yet you have given a leeway. I hope the Minister will remember about a very learned industrialist, Jamsetji Tata, in a letter to his son, Dorabji, way back in 1902, had written that business owes its existence to the community. The Government's approach, therefore, should be to encourage the corporates to pursue CSR activities by providing incentives for meaningful contribution to society.

There are two more points which I need to mention here.

MR. CHAIRMAN: Please conclude now.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : After having a fairly free run of the place all these years, Indian companies will need to get used to some discipline, when it comes to structuring their business and running them. Very soon, a small shareholder – this is the best part – might be able to take on company management; a handy-weapon for small investors seeking relief from errant corporates, will soon be available in our country. But I am of the opinion that corporate governance standards cannot be raised only by Independent Directors.

MR. CHAIRMAN: Please end your speech now.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : The Bill expected to help in curbing a major source of corporate delinquency as clause 36 (c) has been amended to include punishment for falsely inducing a person to enter into any agreement with a bank or financial institutions with a view to obtain credit facilities. However, various provisions and sub-provisions of this Companies Bill are yet to be framed, putting the entire system in a flux and creating operational hindrances; one does not know when it will be done.

Lastly, Corporate Fraud Investigation Body, SFIO, will have the power to carry out arrest, once the new Companies Bill is passed by the Parliament.

MR. CHAIRMAN: Please sum up now.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : SFIO shall have the power to arrest in respect of certain offences, which attract punishment for fraud. Those offences shall be cognizable and the persons accused of any such offence shall be released on bail subject to various conditions. This is in line with the Vepa Kamesam Committee on strengthening SIFO but this is not

the whole thing. I hope, the hon. Minister will go through the suggestions of the Vepa Kamesam Committee's Report. There is a need to strengthen SIFO.

Sir, with these words, I support the Bill that is before the House and we want this Bill also to go through the Rajya Sabha in this Session only.

SHRI AJAY KUMAR (JAMSHEDPUR): Sir, thank you for giving me this opportunity to speak. At the outset I would like to congratulate the hon. Minister for bringing this Bill and also the previous Minister, Shri Verappa Moily, who piloted this Bill. I would not speak too much on whatever has already been said and so I will keep my points short.

One of the recommendations of the Standing Committee was that the public sector undertakings notings by the controlling Ministry should be made public. I know that the Bill does not include this, but one of the major reasons as to why the PSUs are going through a major turbulence is because they get strange instructions from the various Ministries. So, if the Government really intends to protect the PSUs – we have seen it happen in Air India; we have seen it happen in oil companies – and really not want the companies like Coal India to disappear and become loss making, then I would request the hon. Minister to kindly consider that all instructions by the controlling Ministry should be made public. सीएसआर के बारे में काफी चर्चा हुई है। हम सरकार में भी थे और प्राइवेट सेक्टर में भी थे। लेकिन एक चीज़ ज़रूर है कि आप प्राइवेट कंपनी का जब तक सीएसआर का ऑडिट नहीं करेंगे, तब तक आपको कभी मालूम नहीं होगा कि वे सचमुच में दो प्रतिशत को उस क्षेत्र में इस्तेमाल कर रहे हैं या नहीं कर रहे हैं। खास तौर से उड़ीसा या झारखण्ड जैसी जगहों पर, जहां माइनिंग कंपनीज़, आयरन ओर और स्टील कंपनीज़ हैं। मैं मंत्री महोदय से अनुरोध करूंगा कि सीएसआर के काम को सचमुच में ऑडिट करने की आवश्यकता है कि यह सही में हो रहा है या सिर्फ अपनी बैलेंस शीट में दिखाया जा रहा है।

बहुत सारे साथियों ने एनबीएफसी के बारे में कहा है। जिस तरह से चल रहा है, जिस तरह से गरीब लोगों को कठिनाइयां हो रही हैं, तो मैं मंत्री महोदय से अनुरोध करूंगा कि एनबीएफसी की मॉनिटरिंग के लिए एक सेल बना दें। जैसा कि सौगत रॉय साहब भी बोल रहे थे, कुछ कंपनियां जनता पर दबाव डाल रही हैं कि वे अपना पैसा वापस न लें और किसी और शेयर में बदल दें। इसलिए मेरा अनुरोध है कि एनबीएफसी के लिए एक स्पेशल मॉनिटरिंग हो। दूसरा, सीरियस फ्रॉड ऑफिस को और ज्यादा स्ट्रेंथन करने की आवश्यकता है।

सर, एक और प्रावधान, पीनल प्रॉविजन जो ऑडिट के लिए है, उसको निकाला गया है। ऑडिटर की सांठ-गांठ से कोई भी काफी फ्रॉड कर सकता है तो इस पीनल प्रॉविज़न को लागू करना आवश्यक है। अब देखना यह है कि इसको आप किस तरह से करते हैं।

अंत में मैं यह कहना चाहता हूँ कि जो-जो कंपनीज़ हैं, जो देश के ऊपर प्रभाव डाल सकती हैं, चाहे वे कोल के क्षेत्र में हों, ऑयल के क्षेत्र में हों या प्राकृतिक संसाधनों के क्षेत्र में हों, उनके ओनरशिप को डिफ्यूज़ करना बहुत ही जरूरी है। कोई कंपनी इतनी बड़ी नहीं हो, जो कि कानून को अपने हिसाब से मैनुपुलेट कर सके। भविष्य के लिए Defuse ownership of companies के बारे में सोचना पड़ेगा। मैं इस बिल का समर्थन करते हुए आपको धन्यवाद देता हूँ कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण बिल पर बोलने का मौका दिया।

श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा): सभापति महोदय, मैं यहां से बोलने की इजाजत चाहता हूँ।

सभापति महोदय : आपको इजाजत है।

श्री निशिकांत दुबे : सभापति जी, मुझे पता है कि मंत्री महोदय जल्दी में हैं और मैं भी चाहता हूँ कि यह बिल जल्दी से पास हो जाए। मैं इस बिल के लिए चार साल से स्थायी समिति में लगा हुआ था। सचिन पायलट साहब को सभी लोग बधाई दे रहे हैं, मेरी ओर से भी उनको बधाई है। फुटबॉल में 11 प्लेयर होते हैं, लेकिन जो अंत में गोल करता है, नाम उसी का होता है। इसको वीरप्पा मोइली साहब पायलट कर रहे थे, सलमान खुर्शीद कर रहे थे, उसके पहले प्रेम चंद गुप्ता कर रहे थे, स्थायी समिति में पहले श्री अनंत कुमार आए, मुरली मनोहर जोशी जी आए और उसके बाद यशवंत सिन्हा साहब आए, लेकिन यह सारा क्रेडिट सचिन साहब को जाएगा। इतिहास उनको याद रखेगा कि आप सन् 1956 के इतने वर्षों के बाद यह बिल लाए, इसलिए आप बधाई के पात्र हैं। चूंकि आप युवा हैं, इसीलिए यह पार्लियामेंट रात भर जाग कर आपको सहयोग कर रही है, इसलिए आपको पार्लियामेंट को भी धन्यवाद देना चाहिए।

यह जमाना परिवर्तन का है। इस बिल का मतलब चेंज है। जिस तरह से ऑब्जेक्ट्स एण्ड रीज़न में कहा गया है कि राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय आर्थिक स्थिति जिस तरह से बदली है, उसके लिए नए कंपनी बिल की आवश्यकता है। इसीलिए इसको रीराइट किया गया है। इसी तरह से सरकार और भी कुछ कर रही है। डायरेक्ट टैक्स कोड, क्योंकि सन् 1965 का पूरा का पूरा इनकम टैक्स लॉ बदल रहा है। सन् 1947-48 में पार्लियामेंट में जो डिस्कशन हुआ था कि एक्साइज़ अलग रहेगा, सेल्स टैक्स अलग रहेगा तो अब सरकार वैट और इसके माध्यम से अब जीएसटी बदलने की बात कर रही है। आपको पता है कि इस चेंज में सहयोग करने के लिए, क्योंकि पहले सोशलिज़्म था, उसके पहले कम्युनिस्ट पार्टी का कम्यूनिज़्म था और अब हम कैपिटलिज़्म की तरफ जा रहे हैं।

21.00hrs

हमने फैक्ट्री बिल को बदला, इलेक्ट्रिसिटी बिल को बदला और उसके जो उदाहरण हमारे देश में हैं कि हम पूरी दुनिया में कैसे आगे बढ़ पा रहे हैं, उसका एक उदाहरण है और उसमें कंपनी बिल आपको सहयोग करेगा, ट्रंसपेरेंसी लाएगा, क्योंकि यह चेंज के साथ एक ट्रंसपेरेंट बिल है कि कैसे कारपोरेट में ट्रंसपेरेंसी आएगी और इक्विलिटी, जो सीएसआर है कि पारदर्शिता के साथ समानता, आम आदमी को समानता कैसे मिलेगी, यह इस बिल का मकसद है। हमारे पहले के जितने वक्ता

बोले, उदासी साहब बोले, निरूपम साहब बोले, शैलेन्द्र कुमार साहब बोले, भर्तृहरि महताब साहब बोले या मंत्री जी आपने बोला, उसे मैं दोहराने की आवश्यकता नहीं समझता हूं। जब वर्ष 2000 में यह बिल आया और कहा गया कि पीसमिल अमेंडमेंट नहीं होना चाहिए, उसके बाद सरकार ने एक सच्चर कमेटी बनायी, सच्चर कमेटी के बाद इराडी कमेटी आ गयी, इराडी कमेटी के बाद जे.जे ईरानी कमेटी आयी। इन सबका जो एक समावेश था, एसएफआईओ के लिए जिस तरह से वेपा कामेसन कमेटी आयी और उसने जो चीज कही, उसके बाद चीजें निकलकर आयीं। इस बिल में मुझे पॉजीटिव चीज ई-गवर्नेंस दिखायी देती है, इनहैंस एकाउंटिबिलिटी है, लेकिन दुनिया में जो कानून है, उसके बारे में मुझे लगता है कि इस कंपनी बिल में कहीं न कहीं हम उसका इसमें समावेश नहीं कर पाए हैं। जैसे यू.एस. है, हम उनसे कंपीट करने की बात करते हैं, आज हमारे लिए यदि कोई इकॉनामी होगी, तीसरी इकॉनामी होगी, तो यू.एस. में क्या लॉ होगा, चाइना में क्या लॉ होगा? यू.एस. का लॉ यह है कि उनका एक फेडरल स्ट्रक्चर है। स्टेट के लिए अलग कानून है, अलग कंपनी लॉ है और सेंटर के लिए फेडरल स्ट्रक्चर के लिए उन्होंने अलग लॉ बनाया हुआ है। उसको हम एकमोडेट नहीं कर पाए, क्योंकि स्टेट को हमने कोई अधिकार नहीं दिया है, पूरा सेंट्रलाइज कर लिया है। यह बाद के दिनों में मुझे लगता है कि कहीं न कहीं समस्या क्रिएट करेगा, जोकि जीएसटी और वैट में हमें देखने को मिला है।

दूसरा, इसके बाद यू.के. है, वर्ष 1948 का जो यू.के. का लॉ है, वह मदरली लॉ माना जाता है, जिसको वर्ष 2006 में उन्होंने अमेंड किया है। उससे भी हमने बहुत कुछ सीखने का प्रयास नहीं किया है। वर्ष 1948 का जो उनका कंपनी लॉ है, यह पूरी दुनिया के लिए एक उदाहरण है। वर्ष 2006 में उन्होंने अमेंड किया, उसको भी हमने एकमोडेट नहीं किया। इसके बाद जर्मनी और फ्रांस है क्योंकि जिस इकोनॉमी के साथ हमें कंपीट करना है, जर्मनी में प्राइवेट सेक्टर के लिए अलग कानून है, पब्लिक सेक्टर के लिए अलग कानून है, फ्रांस में भी मोर और लैस वही है। हमने इस पूरे कंपनी बिल में, चूंकि हम रीराइट कर रहे थे तो उसे एकमोडेट नहीं किया है। जब आप उस बिल को कानून के तौर पर लायेंगे या उसका नोटीफिकेशन करेंगे तो इसको कैसे एकमोडेट करेंगे, यह एक देखने का सवाल है। इसके बाद कुछ चीजें हैं, छोटी-छोटी चीजें हैं, मैं चाहता हूं कि यह कानून यदि पास हो जायेगा, एक प्राइवेट प्लेसमेंट और पब्लिक ऑफर, दो चीजें हैं जिनके बारे में भर्तृहरि महताब साहब बता रहे थे। चिट फंड कंपनियां नुकसान कर रही हैं, कोई बात नहीं है, रियलिटी सेक्टर नुकसान कर रहे हैं, कोई बात नहीं है, लेकिन मैं यह कह रहा हूं कि इस देश में कई कानून हैं, 302 है, रेप का कानून है, आज ही सुशील कुमार शिंदे साहब कह रहे थे कि फास्ट ट्रैक कोर्ट हैं, क्या सब चीज बंद हो गयीं या वह बंद नहीं होती है तो आप बिना किसी को कोर्ट का सहारा दिये हुए उसे फांसी पर लटका दोगे। यदि आप ओएफसीडी, ऑप्शनल फुल्ली डिबेंचर जो है वो और जो नॉन कन्वर्टेबल डिबेंचर है, यदि उसे बंद कर देंगे, प्राइवेट प्लेसमेंट को यदि पब्लिक ऑफर के साथ ला देंगे, तो मैं यह कह सकता हूं, जो शैलेन्द्र कुमार जी का कंसर्न है कि कोई भी दलित आदमी, कोई भी गरीब आदमी एक इंडस्ट्री नहीं खोल सकता है। इस देश में उदाहरण है कि टाटा संस एक ट्रस्ट के तौर पर आया, इंडिया बुल्स एक ट्रस्ट के तौर पर आया, सबने प्राइवेट प्लेसमेंट किया है इस देश में, चाहे टाटा हो, चाहे बिरला हो, चाहे रूइयाज हो, कोई भी हो, जितने बड़े-बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट्स हैं, सबने प्राइवेट प्लेसमेंट के थ्रू यह किया है और उनका देश में कान्ट्रीब्यूशन है, चाहे एयरटेल हो। इसलिए मेरा यह कहना है कि इस तरह के क्लॉज को आपको कभी भी सरकार के इसमें नहीं देना चाहिए, सेबी को आप हाथ में दे रहे हैं, यह नहीं देना चाहिए। यदि ऐसा करेंगे तो मैं अभी सुशील कुमार शिंदे साहब से दो कास्ट्स को इंक्लूड करने की बात कर रहा हूं। मैंने आपको भी कहानी सुनायी थी, खेतौरी और घटवाल दो जातियां थी, कांस्टीट्युंट असेम्बली ने 26 नवम्बर, 1948 में उनको कहा कि ये बैकवर्ड ट्राइब्स हैं। जब वर्ष 1950 में नोटीफिकेशन होने लगा, तो क्लेरिकल एरर से वे जातियां खत्म हो गयीं और 65 साल से, मेरे से पहले जितने मेंबर ऑफ पार्लियामेंट्स हैं, वे लगातार इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। ट्राइबल अफेयर्स की मंत्री रानी नरह बैठी हुई हैं, इनके मंत्री श्री वी. किशोर चन्द्र देव जी के साथ मैं कई मीटिंग कर चुका हूं, वे केवल सुधार होने के लिए, अब कहते हैं कि रजिस्ट्रार जनरल कहेगा, वे कहते हैं कि इसके लिए आपको शैडयूल ट्राइब कमीशन में जाना होगा, स्टेट का रिकमंडेशन लेना होगा, इथेनोग्राफी रिपोर्ट आयेगी। इतने कानून हैं कि क्लैरिकल एरर में वह सुधार आज तक नहीं हो पा रहा है। इसीलिए इन चीज़ों को आप समझने का प्रयास कीजिए। इसके अलावा कुछ क्लॉज़ हैं जिन पर मैं मंत्री जी से क्लैरिफिकेशन चाहता हूँ।

क्लॉज़ 149(3) में कहा गया है कि एक इंडीपैन्डैन्ट डायरैक्टर का डाटा बैंक आएगा। आप समझिए यदि किसी को अमर्त्य सेन को डायरैक्टर बनाना है, किसी को बिल क्लिंटन को डायरैक्टर बनाना है, किसी को जॉर्ज बुश को डायरैक्टर बनाना है, क्या वे कहेंगे कि हम कंपनी में डायरैक्टर हो जाएँगे? मोइली साहब से मैं कहना चाहता हूँ कि कहीं वे "दूल्हा बिकता है बाज़ार में, मुझे खरीदोगे " इस तरह से कोई मैंट्रिमोनियल या एडवर्टाइज़मैंट तो नहीं दे रहे हैं? यदि इंडीपैन्डैन्ट डायरैक्टर का डाटा बैंक आप बनाएँगे तो मुझे लगता है कि जो चीजें कंपनी को चाहिए, वे नहीं हो पाएँगी। यह क्लॉज़ स्टैंडिंग कमेटी में भी हम लोगों ने मिस किया है और आपको इसका सुधार करना चाहिए था।

इसके बाद इंडीपैन्डैन्ट डायरैक्टर प्राइवेट कंपनी में भी आएगा। मान लीजिए, हम और उदासी साहब एक कंपनी बना लेते हैं तो उसमें इंडीपैन्डैन्ट डायरैक्टर की क्या आवश्यकता है? जब हम आपसे पैसा नहीं ले रहे हैं, हमारे घर का पैसा लग रहा है, दो करोड़ रुपये की पूँजी में हमने कंपनी बना ली तो उसमें इंडीपैन्डैन्ट डायरैक्टर की क्या आवश्यकता है, कौन सी चीटिंग हो रही है? इसलिए जब हम किसी से पैसा नहीं ले रहे हैं, चार दोस्त मिलकर यदि कंपनी बना रहे हैं, उसमें यदि आप ऐसा करेंगे तो लाइसैंस, परमिट और कोटा राज की तरह हो जाएगा और इस कंपनी बिल का मकसद पूरा का पूरा खत्म हो जाएगा।

इसके बाद स्माल शेयरहोल्डर के लिए आपने कहा है कि 151 एक स्माल शेयर होल्डर नॉमिनी होगा प्रमोटर डायरैक्टर का। यदि 151 को आप लागू कर देंगे तो वह तो उसके चमचे की तरह बिहेव करेगा। कोई भी 20000 का स्माल शेयर होल्डर है, उसको कंपनी वालों ने या प्रमोटर ने कहा कि यही हमारा रिप्रज़ेन्टेटिव होगा, डायरैक्टर होगा। इस तरह की सिचुएशन को खत्म करना चाहिए। उसके बाद सैक्शन 188 में है कि एम.डी. या डायरैक्टर किसी को पावर नहीं है। यदि उसको कोई इनवैस्टमैंट करना है, कहीं बाहर से मर्जर या एक्वीज़ीशन करना है तो उसको एजीएम में जाना पड़ेगा। अब आप समझिए कि एक मर्जर एक्वीज़ीशन के लिए यदि कंपनी के प्रॉस्पैक्ट्स को बढ़ाने के लिए उसको एजीएम में जाने की आवश्यकता पड़ जाएगी तो क्या होगा? मेरा यह कहना है कि ये सारे सैक्शंस - 188, 151, 149(3), 149(7) और 151 जो हैं, इनके बारे में आपको रीलुक करने की आवश्यकता है। मेरा यह मानना है कि आप किसी अधिकारी के दबाव में नहीं आइए। अधिकारी गलत बात कहेंगे और मैंने देखा है चार साल में कि अधिकारियों का रवैया बहुत ही खतरनाक रहा है। ...(<u>व्यवधान</u>) इसके बाद हाइब्रिड है जिसके कारण 4 लाख करोड़ रुपये का इनवैस्टमैंट हुआ है और हाइब्रिड क्लॉज़ को ही खत्म कर रहे हैं।

